PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 288 ● भिलाई, गुरुवार 28 मई 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ में फिल्म धुरंधर के प्रोडक्शन डिजाइनर पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

**चंडीगढ़।** फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन डिजाइनर सैनी एस. जोहरे के खिलाफ चंडीगढ़ के सेक्टर-17 थाने में एक युवती से दुष्कर्म, मारपीट और अवैध रूप से बंधक बनाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, हालांकि बाद में उसे जिला अदालत से जमानत मिल गई। यह मामला 21 अप्रैल 2026 को दर्ज किया गया था, जिसका खुलासा सोमवार देर शाम हुआ। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मूल रूप से चंडीगढ़ के खुड्डा लाहौरा की रहने वाली और वर्तमान में नई दिल्ली में रह रही युवती ने 20 अप्रैल को सेक्टर-17 थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे शहर के एक फाइव स्टार होटल में बुलाया, जहां उसकी ड्रिंक में कोई संदिग्ध नशीला पदार्थ मिला दिया गया। हालत बिगड़ने पर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, मारपीट की और उसे गलत तरीके से बंधक बनाकर रखा। एफआईआर के मुताबिक, आरोपी सैनी एस. जोहरे मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित 'ओबेराय स्प्रिंग बिल्डिंग' का निवासी है।

### लखीमपुर खीरी के कारीबरेडी गांव में लगी भीषण आग,

**लखीमपुर।** जिले के मितौली तहसील क्षेत्र के कारीबरेडी गांव में रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में करीब 50 घर जल गए, जिससे ग्रामीणों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग से पांच मवेशी जलकर मर गए। रात में आग लगने के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही एसडीएम मितौली मधुसूदन गुप्ता, सीओ यादवेंद्र यादव और एसएचओ महेश पाठक मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाईं। तेज आंधी के कारण आग तेजी से फैली और पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। तहसील प्रशासन और पुलिस सुबह से ही गांव में मौजूद रही।

### भारत-जापान संगोष्ठी ने कार्यबल सहयोग को एक नई गति प्रदान की

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच कार्यबल गतिशीलता सहयोग पर चर्चा करने के लिए 25 मई को टोक्यो में एक संयुक्त संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी जापान स्थित भारतीय दूतावास और जापान की आसियान वन कंपनी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी। इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुश्री वंदना गुरनानी ने मुख्य संबोधन दिया। भारत और जापान के बीच कुशल कार्यबल गतिशीलता और मानव संसाधन विकास में दीर्घकालिक सहयोग पर चर्चा के लिए इस संगोष्ठी में जापानी नीति निर्माताओं, उद्योग जगत प्रमुखों, शैक्षणिक संस्थानों और कार्यबल गतिशीलता से जुड़े हितधारकों को एक मंच पर लाया गया।

## बेटी के घर समेत 10 ठिकानों पर ईडी ने दी दस्तक

# केरल में पूर्व सीएम विजयन के आवास पर छापेमारी

नई दिल्ली/ एजेंसी



केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ माकपा नेता पिनाराई विजयन के आवास पर बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय छापेमारी की। केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा यह कार्रवाई पूर्व सीएम पिनाराई विजयन के तिरुवनंतपुरम स्थित घर पर हुई। यह छापेमारी सीएमआरएल-एक्सालॉजिक मासिक भुगतान मामले में चल रही जांच के सिलसिले में हुई है। प्रवर्तन निदेशालय ने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड मामले में केरल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इस वक्त दस जगहों पर इस मामले को लेकर छापेमारी चल रही है। ईडी पहले ही पिनाराई विजयन की बेटी वीणा विजयन का बयान दर्ज कर चुकी है। उनकी आईटी कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस इस विवाद के केंद्र में है। हालांकि अब तक पिनाराई विजयन से पूछताछ नहीं हुई है लेकिन संकेत हैं कि जांच आगे बढ़ने पर एजेंसी उनका बयान भी दर्ज कर सकती है। ईडी की यह कार्रवाई बुधवार सुबह 6 बजे शुरू हुई। इससे एक दिन पहले ही केरल हाईकोर्ट ने ईडी को सीएमआरएल और एक्सालॉजिक के बीच कथित वित्तीय लेनदेन की जांच जारी रखने की अनुमति दी थी। ईडी की टीमों ने केरल में एक साथ 10 जगहों पर छापेमारी की। इनमें तिरुवनंतपुरम के बेकरी जंक्शन के पास स्थित पिनाराई विजयन का किराये का घर भी शामिल है, जहां वीणा विजयन भी रहती हैं। सीएमआरएल के दफ्तर और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से जुड़े परिसरों में भी तलाशी ली गई। बताया जा रहा है कि जांचकर्ता डिजिटल उपकरणों, वित्तीय दस्तावेजों और कथित मासिक भुगतान से जुड़े लेनदेन रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं। ईडी ने मामले में पूर्व सीएम के दामाद को भी आरोपी बनाया है। बेयपोर से माकपा विधायक पीए मोहम्मद रियास के घर पहुंचकर ईडी ने पूछताछ की। वह वीणा विजयन के पति हैं। उन पर एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को खनन कंपनी सीएमआरएल से बिना कोई वैध सेवा दिए भारी रकम मिलने का आरोप है। इससे पहले गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय की रिपोर्ट और आयकर विभाग की कार्यवाही में भी संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की ओर इशारा किया गया था, जिन्हें मासिक रिटेनर बताया गया। केरल हाई कोर्ट ने एक दिन पहले मंगलवार को सीएमआरएल और उसके अधिकारियों द्वारा ईडी जांच रद्द करने की मांग की याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने टिप्पणी की थी कि पहली नजर में मनी लॉन्ड्रिंग के संकेत दिखाई देते हैं और एजेंसी की जांच में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। इसके बाद बुधवार की छापेमारी और पूछताछ का रास्ता साफ हो गया। केरल में हाल के वर्षों में किसी वरिष्ठ माकपा नेता के खिलाफ यह सबसे बड़ी जांचों में से एक है। वाम मोर्चा इस मामले को लगातार राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताता रहा है। अब ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री पिनरई विजयन के घर पर छापेमारी से केरल की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। आने वाले दिनों में मामले से जुड़े कई अहम लोगों से भी पूछताछ किए जाने की संभावना है।

### ईडी अधिकारियों पर जानलेवा हमला

*केरल के तिरुवनंतपुरम में सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने ईडी अधिकारियों के वाहन पर हमला किया। कार्यकर्ता, कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड मामले में केंद्रीय एजेंसी द्वारा केरल में 10 जगहों पर की गई तलाशी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। इन जगहों में पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन का आवास भी शामिल है। अपने आवासों पर ईडी की तलाशी के मामले में केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन ने कहा कि काफी समय से ईडीमेरे घर की तलाशी लेना चाहती थी।*

### विपक्षी नेताओं पर जान-बूझकर हमला

*पूर्व सीएम ने कहा कि राहुल गांधी ने कई बार यही सवाल सवाल पूछा था कि पिनाराई विजयन के घर पर छापा क्यों नहीं मारा जा रहा है और पिनाराई विजयन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। बीजेपी सरकार देश में विपक्षी नेताओं पर हमेशा से जान-बूझकर हमले करती रही है। इसके खिलाफपूरे देश में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुए हैं। कांग्रेस का रुख यह है कि उनके अपने दल के अलावा अन्य दलों के खिलाफ ईडी की दखलअंदाजी जारी रहनी चाहिए। इनमें से कोई भी चीज हमारा अंत नहीं कर पाएगी।*

## सीएम सिद्धारमैया कल इस्तीफा देंगे

# डीके शिवकुमार के कर्नाटक सीएम बनने की रूपरेखा तैयार

नई दिल्ली/ एजेंसी



सीएम कुर्सी को लेकर कर्नाटक कांग्रेस में चल रहा कोल्ड वार अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के भीतर बड़े नेतृत्व परिवर्तन की कवायद शुरू हो गई है। इसकी स्क्रिप्ट भी लगभग लिखी जा चुकी है। जी हां.. डीके शिवकुमार के कर्नाटक सीएम बनने की रूपरेखा तैयार हो गई है। कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कल यानी गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। पार्टी उनकी जगह उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सीएम बना सकती है। दोनों नेताओं की मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और सांसद राहुल गांधी के बैठक की। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक 6 घंटे चली मैराथन बैठक के बाद इसक सहमति बन गई है। हालांकि इससे पहले बैठक में शामिल रहे पार्टी के संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने कहा था- जो अटकलें लगाई जा रही हैं, वे सिर्फ अटकलें हैं। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर किसी भी नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा से इनकार किया है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इस्तीफा देने से पहले सीएम सिद्धारमैया ने मंत्रियों को गुरुवार की सुबह ब्रेकफास्ट पर बुलाया है। मंत्रियों के साथ ब्रेकफास्ट के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कांग्रेस आलाकमना को इस्तीफा सौंप देंगे। साथ ही सीएम सिद्धारमैया बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी कर सकते हैं। सूत्रों का दावा है कि 2029 लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने सिद्धारमैया को राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने का प्रस्ताव दिया है।

### बेटियों की शादी बचाने की चिंता और बदनामी का डर लड़कियों को मौत के जाल में धकेल रहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दहेज हत्या के एक मामले में आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए समाज के सामने गंभीर सवाल खड़े किए। अदालत ने कहा कि बेटियों की शादी बचाने की चिंता और सामाजिक बदनामी का डर कई बार महिलाओं को मौत के मुंह में धकेल देता है। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने फैसले की शुरुआत एक अहम टिप्पणी से की। अदालत ने पूछा, क्या युवा सोमा आचार्य की जान बचाई जा सकती थी? क्या सामाजिक बदनामी के डर ने उसे भेड़ियों के हवाले कर दिया?

## अजित पवार प्लेन हादसे को 4 महीने पूरे!

# रोहित पवार ने फडणवीस सरकार पर उठाए सवाल..



नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन को कल यानी 28 मई को चार महीने पूरे हो जाएंगे। सीआईडीऔर समेत अन्य जांच एर्जेसियां हादसे की जांच में जुटी है। लेकिन अब तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। इसे लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने राज्य सरकार और सीआईडी पर जोरदार हमला बोला है। रोहित ने सीआईडी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उसे 'निकम्मी और सिस्टम पर बोझ' करार दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस मामले में खुद हस्तक्षेप कर निष्पक्ष और तेज जांच सुनिश्चित करने की मांग की। रोहित पवार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सवाल पूछते हुए एक पोस्ट किया।

## पीएम मोदी की भीषण गर्मी के बीच देशवासियों से अपील

# सावधानी बरतें,स्वयं को हाइड्रेटेड रखें और प्यासे को पानी पिलाए..

नई दिल्ली/ एजेंसी



देश के कई हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ने के कारण गर्मी का प्रकोप जारी है. लगातार बढ़ते तापमान के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से भीषण गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने का आग्रह किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से कहा कि गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, सतर्क रहना जरूरी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से कहा कि कैसे बढ़ते तापमान के कारण देश भर में दैनिक जीवन कठिन होता जा रहा है. उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों की मदद करने की अपील की. देश के कई हिस्सों में बढ़ते तापमान से लोगों का जनजीवन को बहुत प्रभावित हो रहा है। इसका असर दिखने भी लगा है। भारत में 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो चुकी है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते गर्मी अपने चरम पर होती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हीटवेव अपील सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की है कि वे गर्मी को कम न समझें और जरूरी सावधानी बरतें। तापमान लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। पीएम मोदी ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा,पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, बाहर निकलते समय अपने साथ पानी जरुत रखें, दूसरों को भी पानी पिलाने से पीछे ना रहें. मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं।

### तलाकशुदा बेटी-मृत बेटी से अच्छी है.....

**नई दिल्ली।** भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। इस हाई-प्रोफाइल मामले का स्वत-संज्ञान लेते हुए शीर्ष अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनवाई की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान मीडिया कवरेज और सार्वजनिक बयानों को लेकर चिंता जताई। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की एक टिप्पणी भी चर्चा का विषय बन गई। उन्होंने कहा कि तलाकशुदा बेटी, मृत बेटी से बेहतर है। उनकी यह टिप्पणी महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक दबाव के संदर्भ में की गई बताई जा रही है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि मामले से जुड़ी कुछ गतिविधियों और बयानों से अदालत को पीड़ा हुई है।

## एसआईआर पूरी तरह सही

# सुप्रीम कोर्ट बोले- ईसी को नाम जोड़ने और काटने का अधिकार

नई दिल्ली/ एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने आज बिहार में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया की संवैधानिक वैधता के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने माना कि, मतदाता सूची में नाम जोड़ना या घटना को लेकर चुनाव आयोग मिली शक्तियां संवैधानिक रूप से सही हैं। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने मामले दाखिल सभी याचिकों को खाजिर करते हुए चुनाव आयोग की शक्तियों को बरकरार रखा है। जस्टिस सूर्यकांत ने फैसला सुनाते कहा कि, बिहार में चल रही विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया संविधान से उस मूल दायित्व से अलग नहीं है, जिसका संबंध स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए जाने से है। कोर्ट ने माना कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची में शुद्धता जांचने के लिए इस प्रकार की प्रक्रिया चलाने का पूर्ण अधिकार है। जस्टिस सूर्यकांत ने मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा कि कोर्ट ने एसआईआर अधिसूचना से जुड़े विवाद के प्रमुख मुद्दों को समझने के लिए तीन अहम सवाल तय किए थे और उन्ही के आधार पर मामले का परीक्षण किया गया। तीन प्रमुख सवाल इस प्रकार थे। अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21(3) चुनाव आयोग को मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण की शक्तियां देते हैं। कोर्ट ने कहा कि, बिहार में बड़े पैमाने पर जनसंख्या में बदलाव, शहरीकरण और प्रवासन की वजह से मतदाता सूची में व्यापक बदलाव हुए हैं।

## डब्ल्यूएचओ ने घोषित की हेल्थ इमरजेंसी

# कांगो और युगांडा में इबोला का तांडव....220 से ज्यादा मौतें

अफ्रीका/ एजेंसी



अफ्रीका के कांगो और युगांडा में इबोला वायरस का प्रकोप बेहद डरावनी रफ्तार से बढ़ रहा है। डब्ल्यूएचओ के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अब तक इबोला के 900 से ज्यादा संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं और कम से कम 223 लोगों की मौत की आशंका जताई गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डब्ल्यूएचओ ने इसे 'इंटरनेशनल हेल्थ इमरजेंसी' घोषित कर दिया है। विशेषज्ञों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय इबोला का वह स्ट्रेन है जो इस बार तबाही मचा रहा है। इस बार 'बुंडीबुग्यो स्ट्रेन' फैल रहा है, जो इबोला का एक अलग प्रकार है। इसकी भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके लिए फिलहाल कोई खास वैक्सीन या सटीक इलाज उपलब्ध नहीं है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, इस स्ट्रेन में मृत्यु दर 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक हो सकती है। यह स्ट्रेन पहली बार साल 2007 में युगांडा में देखा गया था। कांगो में इबोला के खिलाफ जंग केवल वायरस से नहीं, बल्कि वहां जारी सशस्त्र संघर्ष से भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इटुरी प्रांत में विद्रोहियों ने अस्पतालों पर हमले किए हैं। जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिख रही है। मोंगबवालु जनरल रेफरल अस्पताल पर हुए हमले के बाद 18 इबोला मरीज अस्पताल से भाग गए। जिनमें से कम से कम एक मरीज संक्रमण की पुष्टि होने के बाद भी भीड़ के बीच घूम रहा है। पूर्वी कांगो में जारी हिंसा की वजह से स्वास्थ्य टीमें प्रभावित इलाकों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। भारत सरकार ने भी इस खतरे को देखते हुए तत्काल कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार ने कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान की यात्रा से बचने की सख्त सलाह जारी की है। देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर थर्मल स्क्रीनिंग शुरू कर दी गई है और संदिग्ध यात्रियों को आइसोलेट करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से केरल सरकार ने प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों के लिए 21 दिन का क्वारंटाइन अनिवार्य कर दिया है। हालांकि, हाल ही में बेंगलुरु लौटी एक महिला की रिपोर्ट निगेटिव आने से थोड़ी राहत जरूर मिली है। इबोला के बढ़ते खतरे को देखते हुए केवल भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका और कनाडा जैसे देशों ने भी सख्त यात्रा प्रतिबंध लागू कर दिए हैं,। कनाडा ने प्रभावित देशों के नागरिकों के लिए इमिग्रेशन प्रक्रिया 90 दिनों के लिए रोक दी है। वहीं, यूरोपीय संघ ने अफ्रीका में वायरस ट्रैकिंग के लिए करीब 22 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि इबोला संक्रमित व्यक्ति के पसीने, खून और शारीरिक तरल पदार्थों से फैलता है, इसलिए अत्यधिक सावधानी और स्वच्छता ही इससे बचाव का एकमात्र रास्ता है।

### बेंगलुरु में इबोला की दस्तक! युगांडा से भारत आई महिला में मिले संदिग्ध लक्षण

युगांडा से बेंगलुरु आई एक 28 वर्षीय महिला में इबोला जैसे हल्के लक्षण मिलने के बाद उसे विशेष निगरानी में अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात के तौर पर अलर्ट जारी किया है और महिला के सैंपल जांच के लिए पुणे भेजे गए हैं। दुनिया भर में इबोला वायरस को लेकर बढ़ती चिंता के बीच कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक संदिग्ध मामला सामने आया है। युगांडा से आई एक 28 वर्षीय महिला में इबोला जैसे हल्के लक्षण (जैसे शरीर में दर्द) दिखने के बाद उसे बेंगलुरु के सरकारी 'एपिडेमिक डिजीज हॉस्पिटल' में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, महिला हाल ही में इबोला प्रभावित क्षेत्र से भारत आई थी और शुरुआत में एक होटल में ठहरी हुई थी, लेकिन लक्षण सामने आने के बाद उसे तुरंत अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया।

# नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने ली सामान्य सभा परिषद बैठक



**कुरूद।** नगर पालिका परिषद कुरूद द्वारा सभाकक्ष में दिनांक 26 मई 2026 को नगरपालिका का सातवाँ सामान्य सभा परिषद बैठक अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के अध्यक्षता मे संपन्न हुआ, नगरवासियों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुशासन लाने के दिशा मे एवं नगर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने शासन के नियमानुसार हर दो माह में परिषद बैठक वर्तमान परिषद के 14 माह के कार्यकाल मे नगरपालिका कुरूद ने यह उपलब्धि भी हासिल किये है ! अध्यक्ष महोदया ज्योति भानु चन्द्राकर ने 14 बिंदुओं मे एजेंडा तैयार किये थे जिसमे मुख्य ऐजेन्डा गरीबों को मकान देने के लिए आश्रय शुल्क में जमा राशि 42 लाख के लागत से कुरूद नगरपालिका अंतर्गत नगर के विभिन्न जगहों में बसे गरीब आवासविहीन व्यक्तियों को दो प्रमुख जगहों में अटल आवास के पास और डिपो रोड पानी टंकी के पास आवास बनाकर देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिये है, इसी प्रकार पुरानी मंडी की भूमि नगरपालिका को आवंटित हुई है उसमें विकास कार्य करने के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पुरा करने के बाद आगामी बैठक मे ऐजेन्डा लाने के लिए सहमति बनी है, उसी प्रकार ह। रायपुर रोड में नगरपालिका के भूमि को कलेक्टर द्वारा व्यावसायिक मद मे परिवर्तन करने के बाद आगामी परिषद में ऐजेन्डा लाने के लिए परिषद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिये है, इसके साथ ही नगर विकास कार्यों के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निविदाओं का अनुमोदन कर बहुत जल्द भूमिपूजन करने का परिषद के सदस्यों ने निर्णय लिये है, कुरूद के भरदा चौक में बने दुकानों को णोंद्धार करने नियम शर्तों के साथ अपने स्वयं की राशि से मरम्मत कराने के लिए परिषद ने निर्णय किये है। इसी प्रकार नगरपालिका के द्वारा पिछले नीलामी मे कुरूद बायपास रोड और नया बस स्टैंड के पास चौपाटी दुकानों मे जो व्यापारीगण दुकान लिये थे जो व्यापारीगण अभी तक राशि जमा नही किये है उनके लिए बहुत ही कठोर नियम बनाते हुए 15 दिनों के अंदर नीलामी राशि को जमा नही करने पर दुकान स्वयमेव निरस्त माना जाये एवं दोनों ही जगहों मे पुनः नीलामी करने के लिए सर्व सम्मति से परिषद ने निर्णय लिये है, उसी प्रकार अन्य विषयों में पार्षदों के माँग पर मुर्गा मटन मार्केट के कचरे और अपशिष्ठ को नगर में जगह चिह्नित कर डिस्पोज करने एवं बड़े कचरे डिब्बा रखने के लिये मुर्गा दुकानों के ऊपर कड़ाई से नियमों का पालन करने के लिए निर्णय हुआ है, वर्तमान समय में विभिन्न वार्डों में मुलभुत कार्य जारी है जिस जगह में रोड नाली बन गया है और निविदा प्रकिया हुआ है उसके बदले में नये जगहों में छोटे छोटे मूलभूत विकास कार्यों को पुरा करने के लिए निर्णय परिषद के सभी सदस्यों ने लिये है ! परिषद बैठक में अध्यक्ष महोदया के द्वारा लाये गये प्रस्ताव जल आवर्धन योजना के तहत नगर में होने जा रहे 9 करोड़ ? के लागत से निविदा प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देते हुए नगर मे मूलभूत सुविधाओं के कार्यों का प्राथमिकता से निवारण हेतु एवं आवश्यक छोटे छोटे कार्यों को पालिका निधि से कराने का भी निर्णय किया गया ! बैठक के शुभारम्भ मे राष्ट्रीय गान गाकर सभी सदस्यों ने कुरूद नगरवासियों की ओर से सातवीं परिषद बैठक मई माह 2026 के सामान्य सभा अध्यक्ष महोदया के अनुमति से शुभारंभ किया गया, बैठक समाप्ति के बाद आभार मुख्य नगरपालिका अधिकारी गुप्ता ने किये ! बैठक में मुख्यरूप से मा. अध्यक्ष महोदया ज्योति चन्द्राकर , उपाध्यक्ष देवव्रत साहु , विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर , नेता प्रतिपक्ष डूमेश साहु , समस्त विभागों के सभापति मे मिथलेश बैस , सितेश सिन्हा , महेन्द्र गायकवाड़ , राजकुमारी ध्रुव , समस्त पार्षदगणों में उत्तम साहु , रजत चन्द्राकर , उर्वशी चन्द्राकर , रवि मानिकपुरी , कविता चन्द्राकर , राखी यमुना चन्द्राकर , मनीष साहु , मंजू प्रमोद साहु , नगर पालिका कुरूद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुप्ता , इंनियर पैंकरा नगरपालिका कुरूद के सभी विभागों के कर्मचारीगण सम्मिलित हुए !

## शहर को सुव्यवस्थित, सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड जनता को होगा समर्पित: विजय मोटवानी



**धमतरी।** शहर की बस स्टैंड एक विशिष्ट पहचान होती है इसी के अनुरूप हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण अर्जुनी, खपरी में किया जा रहा है जो कि निर्माणधीन क्षेत्र 7 एकड़ 18500 वर्ग फीट में भवन के रूप में विस्तारित होगा। महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में कार्य को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी की सजगता एवं सक्रियता बनी हुई है। सोमवार को नगर निगम के मातहत अधिकारियों, कर्मचारी जिसमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर महेंद्र जगत, अस्सिटेंट इंजीनियर मयंक राठौर, सब इंजीनियर लोमश देवांगन आर्किटेक्ट के साथ कार्य स्थल पर पहुंचकर वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए तीव्र गति से बस स्टैंड निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी समय में धमतरी शहर तथा यहां आने वाले यात्रियों को व्यवस्थित बस स्टैंड की सुविधा प्राप्त हो इसके लिए 18 करोड़ की लागत से तीन प्रवेश द्वार वाला 52 व्यावसायिक परिसर से युक्त दुकान व्यापार हब के रूप में विकसित कर समर्पित किया जाएगा जो की शहर की एक पृथक पहचान बनकर हम सबके लिए विकास की कड़ी को आगे बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। मोटवानी ने आगे कहा है कि बाईपास सड़क पर बस स्टैंड के निर्माण हो जाने से किसी प्रकार की कोई यातायात का दबाव शहर के ऊपर नहीं बढ़ेगा बल्कि शहर के विस्तार होने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे ऑटो टैक्सी सहित अन्य फुटकर व्यवसाईयों को रोजगार की संभावनाओं का सृजन होगा नगर निगम के क्षेत्र का भी विस्तार होने से निगम अपने बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति हेतु आर्थिक संसाधन भी झुठ कर सक्षम साबित होने की दिशा में आगे बढ़ेगा यही सोच को लेकर संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, कलेक्टर अविनाश मिश्रा, नरेंद्र रोहरा तथा निगम प्रशासन एवं सभी पार्षदगण इस कार्य को अमली जामा पहनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के आव्हान का भी असर नहीं : निगम अधिकारी निजी कार्य के लिये शासकीय ईंधन का कर रहे उपयोग

**धमतरी।** निगम में इन दिनों यहां पदस्थ एक अधिकारी के कार्यशैली को लेकर समय-समय पर शिकायतें प्राप्त होते रहती हैं। मीडिया की सुर्खियां बने इस अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। इनका व्यवहार न सिर्फ शहरहित के विपरीत है अपितु निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ भी अच्छा नहीं है। शहर के विकास को लेकर एक ओर निर्वाचित जनप्रतिनिधि पूरी तरह प्रयासरत हैं। लेकिन इस अधिकारी के अड़ियल रवैये के कारण भावी योजनाएं सफल नहीं हो रही हैं। और तो और इनके परिचितों को सप्लाई, निर्माण ठेका देने का आरोप भी इन पर लग चुका है। एमआईसी में जिस रिक्शे को वापस किये जाने का निर्णय लिया गया था, उस पर अभी तक इस अधिकारी ने अमल नहीं कर एक तरह से एमआईसी के निर्णय को भी अमल में नहीं लाया जिससे अधिकारी के रवैये से निर्वाचित जनप्रतिनिध भी बेहद त्रस्त हैं। अब इनके द्वारा शासकीय संपत्ति आपकी अपनी है.. इसे सुरक्षित रखना नागरिकों का अधिकार है.. का कथन पूर्व में खूब चला था, उसका पालन करते हुए उक्त अधिकारी ने पिछले दिनों शासकीय वाहन में डीजल डलवाकर अपनी माताश्री को अपने गृहग्राम बिलासपुर भेजा, जिसकी खबर पर अनेक लोगों ने निंदा करते हुए इसके जांच की मांग की है। देश, प्रदेश में ईंधन की कमी की वजह से न सिर्फ प्रधानमंत्री बल्कि मुख्यमंत्री भी तमाम विभागों के अधिकारियों को ईंधन की बचत और वाहनों में कटौती करने का निर्देश जारी किये हैं। स्वयं श्री मोदी एवं श्री साय ने भी अपने सुरक्षा वाहनों की संख्या में कमी कर दी है। एक ओर प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील कर कहा है कि वे कम से कम ईंधन की खपत करें, हो सके तो बैटरी चलित वाहनों का इस्तेमाल करें ताकि ईंधन की कमी के चलते कोई गंभीर समस्या उत्पन्न न हो पाये जिसका पालन अधिकांश अधिकारी, कर्मचारियों के साथ साथ नागरिकों के द्वारा भी किया जा रहा है। लेकिन नगर निगम में पदस्थ एक अधिकारी की नादिरशाही इतनी बढ़ गई है कि वे जबसे यहां पदस्थ हैं, तबसे लेकर अब तक विवादों से



घिरे हुए हैं। डोर टू डोर कचरा उठाने के लिये जेम पोर्टल के माध्यम से 20 लाख रूपये की लागत से जो रिक्शा खरीदी की गई थी, उक्त रिक्शा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं होने के कारण एमआईसी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। संबंधित सप्लायर को उक्त रिक्शा वापस किया जाये और जेम पोर्टल में दर्शित नियम शर्तों के अनुरूप सप्लाई करे। इसी तरह लाखों की बेलिंग मशीन भी नियम विरूद्ध खरीदी की गई। लेकिन अब तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसका कारण यह बताया जाता है कि उक्त खरीदी में निगम के एक जनप्रतिनिधि ने संबंधित के साथ फीलगुड कर लिया है। यही नहीं एसआईआर के समय इनका अचानक अवकाश स्वीकृति के पूर्व चले जाना, और अवकाश समाप्ति के पूर्व आकर पुनः पदभार संभाल लेना भी चर्चा का विषया बना हुआ है। सूत्रों का कहना है कि विवादों के चलते उक्त अधिकारी एक बार फिर 15 दिनों के अवकाश पर जाने की खबर है। शहर के नागरिक जब उक्त अधिकारी के पास अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं तो वहां निर्वाचित जनप्रतिनिधि तो मौजूद रहते हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी यहां से नदारद रहते हैं। न तो वे शहर के नागरिकों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को देखने के लिये समय निकाल पाते हैं, न ही समस्याओं के निदान के लिये समय निकाल पाते हैं। अनेक ऐसे अवसर आये जिसमें भुगतान के लिये किसी को प्रभार नहीं दिये जाने के कारण ऐसे भुगतान रूके रहे जिसके चलते शहर के नागरिकों को पानी तक मयस्सर नहीं हुआ। वह तो गनीमत रही कि महापौर ने इसका खर्च उठाते हुए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की मशीन को अपने निजी खर्च से बनाकर पानी की सप्लाई को बहाल किया। वरना अधिकारी के भरोसे यदि जनता रहती तो उन्हें प्यासा ही रहना पड़ता। वर्तमान समय में भी उनके द्वारा पानी की समस्या को लेकर कोई सुध नहीं ली जा रही है। साथ ही साथ उनका अता-पता नहीं रहता। इनके द्वारा अपने स्वार्थपूर्ति के चलते वही कार्य किया जाता है जिसमें इनके परिचित को लाभ मिल सके। खबर के मुताबिक अभी हाल ही में उक्त अधिकारी की माताश्री धमतरी पहुंची थी जिन्हें उनके गृहग्राम छोड़ने के लिये शासकीय वाहन में शासकीय मद से ईंधन डलाकर उन्हें बिलासपुर रवाना किया गया। इस प्रकार इन्होंने ईंधन की बचत को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के अपील का भी मखौल उड़ाते हुए यह कार्य किया है जिसकी शहर में सर्वत्र चर्चा है। शहर के नागरिकों ने इस अधिकारी को तत्काल धमतरी से हटाये जाने की मांग की है। निजी कार्य के लिये शासकीय वाहन एवं ईंधन का उपयोग किये जाने को लेकर महापौर रामू रोहरा से दूरभाष पर चर्चा किये जाने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, अधिकारी सहित आम नागरिक भी ईंधन का उपयोग कम कर रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ आपके माध्यम से यह जानकारी में आया है कि निगम के अधिकारी द्वारा निजी कार्य के लिये शासकीय वाहन, ईंधन का उपयोग किया गया है, यह काफी गंभीर मामला है जिसके लिये मेरे द्वारा राज्य शासन से चर्चा की जायेगी और ऐसा कोई मामला निकलता है तो निश्चित रूप से संबंधित अधिकारी चाहे वह कितने भी बड़े पद में क्यों न हो, कार्यवाही की जायेगी।

## कृषि विभाग की योजना बनी सहारा, हिरादेवी साहू ने शुरू किया स्वरोजगार



**धमतरी।** धमतरी जिले के ग्राम भोंथाडीह की निवासी हिरादेवी साहू आज ग्रामीण महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। कृषि को जीवन का आधार मानने वाली हिरादेवी साहू वर्षों से पारंपरिक खेती कर अपने परिवार का पालन.पोषण करती रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच के बल पर अपने जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। कृषि विभाग की योजना के अंतर्गत स्थापित मिनी राइस मिल ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि पूरे गांव के किसानों के लिए भी नई सुविधा और अवसरों के द्वार खोले हैं। पूर्व में हिरादेवी साहू को अपने खेत में उत्पादित धान की कुटाई एवं प्रसंस्करण के लिए दूरस्थ मिलों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे परिवहन में अतिरिक्त खर्च, समय की हानि तथा कई बार धान की गुणवत्ता प्रभावित होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण क्षेत्र में छोटी मात्रा में धान ले जाने वाले किसानों के लिए यह प्रक्रिया और भी कठिन थी। इन परिस्थितियों में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना उनके लिए आशा की किरण बनकर सामने आई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्होंने अपने गांव में मिनी राइस मिल की स्थापना की। इस पहल ने उनके कार्य को नई दिशा दी। अब वे अपने खेत में उत्पादित धान का स्थानीय स्तर पर ही प्रसंस्करण कर रही हैं। इससे न केवल समय और परिवहन लागत में कमी आई है, बल्कि धान की गुणवत्ता भी बेहतर बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर त्वरित प्रसंस्करण होने से उत्पाद का बाजार मूल्य भी बेहतर प्राप्त होने लगा है। मिनी राइस मिल स्थापित होने के बाद हिरादेवी साहू केवल स्वयं तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने आसपास के किसानों को भी अपनी मिल की सुविधा उपलब्ध करानी शुरू की। अब ग्राम एवं आसपास के किसान कम खर्च और कम समय में धान की कुटाई करा पा रहे हैं। इससे किसानों को सुविधा मिलने के साथ.साथ हिरादेवी साहू को अतिरिक्त आय का स्थायी स्रोत भी प्राप्त हुआ है।उनकी इस पहल से गांव में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। हिरादेवी साहू बताती हैं कि शासन की योजनाओं ने उन्हें आत्मविश्वास दिया और आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की।

## नशामुक्त भारत जनजागरूकता अभियान मकई चौक में हुआ जागरूकता कार्यक्रम




**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में जिले में संचालित नशा मुक्त भारत जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत मकई चौक धमतरी में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान, इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, एजेक्ट फाउंडेशन, पूर्ण वेलफेयर, भारत स्काउट गाइड धमतरी आदि संस्था के शिवा प्रधान, लक्ष्मण साहू, आकाश गिरी गोस्वामी, मोहनी साहू, ऋतु प्रधान, कनक शाह, वीणा देवांगन, भारती सोनी, लक्ष्मी सोनी, एकता सोनी, सोहन लाल साहू, खोमन लाल साहू आदि स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के स्वयंसेवकों ने नारा, कविता, गीत एवं प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक में यह दर्शाया गया कि किस प्रकार नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को धीरे.धीरे विनाश की ओर ले जाता है। कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया। स्वयंसेवकों द्वारा नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो, स्वस्थ युवा-सशक्त भारत तथा नशा मुक्त हो हर इंसान-तभी बनेगा देश महान.. जैसे नारों से पूरे वातावरण को जागरूकता और ऊर्जा से भर दिया गया। कविता पाठ के माध्यम से युवाओं को अपने सपनों और भविष्य की रक्षा करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने भी अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। स्वयंसेवकों ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी, युवा स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ सकारात्मक वातावरण निर्मित करना तथा युवाओं को जागरूक कर नशा मुक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनाना रहा।

## अल्ट्राटेक रावन लॉजिस्टिक्स विभाग द्वारा ट्रक चालकों को राहत सामग्री का वितरण



**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक रावन में बढ़ती हुई भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अल्ट्राटेक रावन ट्रक यार्ड में लॉजिस्टिक्स विभाग द्वारा ट्रक चालकों के लिए राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम लॉजिस्टिक्स विभाग के पीएलएच श्री अमिया पात्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ट्रक चालकों एवं परिचालकों को पानी की बोतल, नींबू एवं चीनी का वितरण किया गया, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिल सके तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव हो सके। इस पहल का उद्देश्य ट्रक चालकों को गर्मी से सुरक्षित रखने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी रहा। सभी अधिकारियों ने ट्रक चालकों को पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचाव करने तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। इस अवसर पर लॉजिस्टिक्स विभाग से विकास राय चौधरी, श्री प्रकाश कुमार जेना, युगल किशोर शर्मा, अभिषेक बाजपेयी, विजय वर्मा, विक्रम वर्मा एवं रामकृष्ण उपस्थित रहे।

## कृषि कार्य के लिये किसानों को मिलेगी आवश्यकता अनुसार डीजल



**बलौदाबाजार।** आगामी खरीफ सीजन में खेती-किसानी के कार्य हेतु ट्रेक्टर एवं पम्प के लिये आवश्यकता अनुसार पेट्रोल पम्प से डीजल प्रदाय किया जाएगा। पम्प के लिये डीजल जरिकेन में लेने पर किसान को केसीसी कार्ड य किसान किताब पेट्रोल पम्प में दिखाना होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों के साथ ही जिले में पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की आपूर्ति व वितरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी, एसडीएम एवं तहसीलदारो को स्पष्ट निर्देशित किया कि कृषि, अस्पताल, मोबाइल टावर, शासकीय निर्माण कार्य में लगे मशीनरी, मुर्गी फार्म के जनरेटर आदि के लिये पेट्रोल पम्प द्वारा डीजल आवश्यकता अनुसार प्रदाय किया जाए। जरिकेन में डीजल तभी दिया जाए जब किसान केसीसी कार्ड य किसान किताब लेकर आएं। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के लिये किसानों को अपने विकासखण्ड अंतर्गत स्थित पेट्रोल पम्प से ही डीजल दिया जाए। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट वाले भारी वाहनो को भी डीजल देने में कोई प्रतिबन्ध नहीं है। कलेक्टर ने डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस के अवैध भंडारण, जमाखोरी या निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के लिये खाद्य एवं राजस्व विभाग के अधिकारियो को लगातार जांच व निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने संपर्क केन्द्र के मोबाइल नंबर 9201899925 को कंट्रोल रुम नंबर के रूप में 24 घण्टे संचलित करने के निर्देश दिये ताकि आमजन किसी प्रकार की शिकायत य सूचना दें सकें। कलेक्टर श्री शर्मा ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 6 से 9 माह एवं 3 से 6 माह तक लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण कराएं।इसीतरह त्रुटि सुधार के लगभग 4 हजार आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त शिकायत एवं मांग के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता निशा नेताम मडावी, एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश चंद्र कोरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण प्रशिक्षण का समापन



**भंवरपुर।** विकासखंड बसना में ब्लू प्रिंट आधारित भाषा एवं कला समूह के व्याख्याताओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण एवं एआई का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 20 मई से 25 मई 2026 तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस बसना में आयोजित किया गया। मिली जानकारी अनुसार प्रशिक्षण में भाषा समूह के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत तथा कला समूह के अंतर्गत राजनीति विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विषयों के 111 व्याख्याताओं को ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण, विद्यालय में सीखने का वातावरण, लर्निंग आउटकम, पेडागॉजी (शिक्षण शास्त्र) मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति, एनपीएसटी एवं एआई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर्स के रूप में हिंदी विषय के लिए अजय कुमार प्रधान, अंग्रेजी के लिए सिर्भय सिंह चौहान, संस्कृत के लिए राजेंद्र पंडा, कला के लिए मनोहर दिवान, भूगोल के लिए हीराधर राणा तथा वाणिज्य के लिए प्रवीण कुमार भोई ने प्रशिक्षण प्रदान किया। सभी प्रशिक्षकों ने अपने-अपने विषयों में प्रश्न पत्र निर्माण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया तथा प्रशिक्षण कक्ष में ही समूह में प्रश्न पत्रों का निर्माण ब्लूप्रिंट के आधार पर किया गया। विखं शिक्षाधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे एवं विखं स्त्रोत केंद्र समन्वयक अनिल सिंह साव के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में भीषण गर्मी के बावजूद व्याख्याताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम नोडल अधिकारी खिरोद्र कुमार पुरोहित की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**शिक्षकों को अपडेट होना जरूरी जोल्हे**

*समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी जोल्हे ने कहा कि हर प्रशिक्षण में कुछ न कुछ नई बातें सीखने को मिलती हैं। आज के विद्यार्थी अपडेट होकर स्कूल पहुंच रहे हैं ऐसे में शिक्षक को भी अपडेट होना बहुत जरूरी हो गया है। समय के अनुकूल प्रशिक्षित होना नितांत आवश्यक है। विपरीत मौसम एवं परिस्थितियों के बावजूद सभी व्याख्याताओं ने अनुशासन, धैर्य और उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया जो सराहनीय है।*

**विद्यार्थियों को मिले लाभ तभी सार्थकता - साव**

*बीआरसीसी अनिल सिंह साव ने कहा कि यहां से जो भी प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं उसे जीवन में उतार कर विद्यार्थियों को लाभ पहुँचाने पर ही प्रशिक्षण की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने सभी व्याख्याताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग और सहभागिता की अपेक्षा जताई। नोडल अधिकारी केके पुरोहित ने कहा कि नये युग के अनुरूप अपने आप को ढालना जरूरी है। आज एआई जैसा तकनीक आ चुका है उसे सीखना जरूरी है। समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आवश्यक है। ताकि शिक्षकों में नई सोच विकसित हो सके। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को बीईओ जोल्हे, बीआरसीसी साव एवं सेजेस प्राचार्य गिरिजा साहू के करकमलों से प्रमाण पत्र वितरण कर किया गया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में सेजेस प्राचार्य गिरिजा साहू, अंकित कुमार, कमलेश, विवेकानंद साहू एवं पुनीतराम चौहान आदि का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण में विखं के सभी व्याख्याताओं की उपस्थिति रही।*

## संक्षिप्त समाचार

### कार बना 'सट्टे का अड्डा', आईपीएल मैच पर ऑनलाइन बेटिंग करते 4 गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर के अमलीडीह इलाके में आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले 4 सटोरियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी एक कार के भीतर बैठकर पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच पर ऑनलाइन बेटिंग कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास से करीब 49 हजार रुपये नकद, 5 मोबाइल फोन और एक सेल्टोस कार जब्त की गई है। जांच में सामने आया कि सट्टा खेलने के लिए आरोपी ऑल पैनल, गोल्ड 24 प्रो समेत कई ऑनलाइन ऐप का इस्तेमाल कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में शेख आसिफ (कोतवाली), शेख अहमद (भनपुरी), करण पिंजानी (महावीर नगर) और सौरभ मुकिब (अम्रपाली सोसाइटी) निवासी शामिल हैं। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 7 और संगठित अपराध से जुड़ी धारा 112 के तहत आईपीएल दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इलाज कराने रायपुर गए परिवार के घर से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के मरवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत चलचली गांव में सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 1 लाख 65 हजार रुपये की नकदी और चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चलचली गांव निवासी ओमप्रकाश चौधरी अपने परिवार के साथ इलाज कराने डीकेएस अस्पताल गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके सूने मकान को निशाना बनाया। जब परिवार वापस लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित परिवार ने जब अलमारी और अन्य सामान की जांच की तो घर से लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये नगद और करीब 5 हजार रुपये कीमत के चांदी के आभूषण गायब मिले। घटना की सूचना तत्काल मरवाही थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### नहर किनारे मिला मजदूर का शव, महुआ शराब से भरा थैला बरामद

रायपुर। जिले के कोटमीसोनार क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब क्रोकोडायल पार्क के पीछे नहर किनारे एक युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला। मृतक की पहचान ठडगा बहरा निवासी 35 वर्षीय लक्ष्मी नारायण ओगरे के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस गर्मी और अत्यधिक शराब सेवन को मौत की संभावित वजह मान रही है, हालांकि असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। ग्रामीणों की सूचना पर कोटमीसोनार पुलिस सहायता केंद्र की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान शव के पास से महुआ शराब से भरा एक थैला भी बरामद किया गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान की और परिजनों को सूचना दी। मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि लक्ष्मी नारायण दो दिन पहले बिलासपुर जाने की बात कहकर घर से निकला था।

**श्री डेका से लोकभवन में दिल्ली के युवाओं ने किया संवाद**

# माइक्रो प्लास्टिक की चुनौती से निपटने के लिए युवाओं को सहयोग जरूरी

रायपुर/ संवाददाता




राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज लोकभवन में दिल्ली के विभिन्न शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने संवाद किया। ये विद्यार्थी भारत सरकार के ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' अभियान के ''युवा संगम'' कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर यह अनूठा कार्यक्रम पूरे भारत में लागू किया गया है। जिसमें सभी प्रदेशों के युवा अन्य प्रदेशों में जाकर वहां की संस्कृति को समझते हैं, खान-पान का जायका लेते है और पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते हैं। इस कड़ी में दिल्ली के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवा छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ का भ्रमण कराया जा रहा है। भ्रमण के दूसरे दिन ये विद्यार्थी लोकभवन पहुंचे थे। राज्यपाल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि डिग्री लेकर निकलने के पश्चात हमें देश व समाज के बारे में सोचना चाहिए। जलवायु परिवर्तन और माइक्रो प्लास्टिक आज की सबसे बड़ी चुनौती हैं इससे निपटने के लिए युवाओं को सहयोग करना होगा। श्री डेका ने कहा कि हमारे जीवनशैली को आधुनिक बनाने में साइंस का महत्वपूर्ण योगदान है। इसका उपयोग मानवहित में होना चाहिए। आईआईटी जैसे संस्थान देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे शिक्षा संस्थानों पर हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत को सहेजने की जिम्मेदारी है। इस तरह के मेल-जोल के कार्यक्रम से व्यक्तित्व का विकास होता है। श्री डेका ने सभी विद्यार्थियों के छत्तीसगढ़ आगमन पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि आप दिल्ली की हलचल भरी सड़कों से निकलकर छत्तीसगढ़ की हरी-भरी, वन-संपदा से समृद्ध, आदिवासी परंपराओं और लोक संस्कृति से सराबोर भूमि पर पधारे हैं। यह केवल एक भौगोलिक यात्रा नहीं है। यह भारत की आत्मा को समझने की यात्रा है। यह एक भारत के संकल्प को श्रेष्ठ भारत के स्वप्न में रूपांतरित करने की यात्रा है। हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि यहां एक ही धरती पर सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं। दर्जनों पर्व मनाए जाते हैं, असंख्य परंपराओं के बाद भी हम सब एक हैं। यही विविधता में एकता हमारे गणतंत्र की सच्ची पहचान है। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री डेका से दिल्ली के विद्यार्थियों का वैचारिक आदान-प्रदान हुआ। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र विवेक शुक्ला ने सफल राजनेता में क्या गुण होना चाहिए, इस पर प्रश्न किया। श्री डेका ने कहा कि सफल राजनेता में नेतृत्व क्षमता का होना जरूरी है। कुमारी रितिका ने कौशल पर आधारित प्रश्न किया। श्री डेका ने कहा कि आज हर क्षेत्र में अच्छे कौशल की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी कौशल उन्नयन पर जोर दिया गया है। उन्होंने एक छात्रा के प्रश्न पर कहा कि सफलता के लिए शॉर्टकट नहीं होता तथा धैर्य नहीं खोना चाहिए। प्रत्येक स्तर पर मानसिक शांति के साथ निर्णय लें। श्री डेका से विद्यार्थियों ने उनकी जीवन यात्रा से संबंधित प्रश्न भी पूछे। युवा विद्यार्थी जो देश की सेवा करना चाहते है उनके लिए श्री डेका ने कहा कि अपनी अंतर आत्मा की आवाज सुनकर कार्य करें। इस अवसर पर आई.आई.टी. भिलाई के डायरेक्टर श्री राजीव प्रकाश ने युवा संगम कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल की विधिक सलाहकार श्रीमती सत्यभामा दुबे, उप सचिव सुश्री निधि साहू, आई.आई.टी. भिलाई के नोडल अधिकारी डॉ. कृष्णामूर्ति, समन्वयक एवं अधिकारियों सहित दिल्ली राज्य से आये हुए युवा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## चलने में असमर्थ बुजुर्गों के घर पहुंचा स्वास्थ्य विभाग...

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान (बस्तर मुन्ने) एवं सुशासन तिहार के तहत जिले में प्रशासन आमजन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए संवेदनशील पहल कर रहा है। शनिवार को दोरनापाल शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 70 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंचकर आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं। इस अभिनव पहल से बुजुर्गों को घर बैठे स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर आयुष्मान वय वंदन योजना के कार्ड बना रही है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। दोरनापाल निवासी आत्माराम साहू को भी उनके घर जाकर वय वंदन कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस संवेदनशील कार्यशैली से वे बेहद भावुक और खुश नजर आए। उन्होंने शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें इलाज कराने के लिये पैसों की चिंता नहीं होगी। आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता एवं कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। छत्तीसगढ़ सरकार की यह कल्याणकारी पहल न केवल बुजुर्गों को सम्मान और सुरक्षा का एहसास करा रही है, बल्कि यह भी साबित कर रही है कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं। सुकमा जिले में प्रशासनिक संवेदनशीलता और जनसेवा की यह मिसाल लोगों के बीच भरोसे को और मजबूत कर रही है।

## जनसमस्या निवारण शिविर में त्वरित समाधान से मनहरण को मिली राहत

- आवेदन पर तत्काल कार्रवाई कर प्रदान की गई किसान किताब, खेती-किसानी के कार्य होंगे आसान

रायपुर/ संवाददाता



जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम कोहका निवासी श्री मनहरण साहू को त्वरित राहत मिली।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल 'सुशासन तिहार 2026' आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। प्रदेशभर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा जिले के जनपद पंचायत पामगढ़ अंतर्गत ग्राम बिलारी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम कोहका निवासी श्री मनहरण साहू को त्वरित राहत मिली। श्री साहू किसान किताब बनवाने के लिए शिविर में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि किसान किताब नहीं होने के कारण उन्हें कृषि ऋण, खाद-बीज वितरण एवं खेती-किसानी से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में आवेदन प्राप्त होते ही संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर त्वरित प्रक्रिया पूरी की गई और मौके पर ही श्री मनहरण साहू को किसान किताब प्रदान की गई। किसान किताब मिलने पर उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें खेती-किसानी से संबंधित कार्यों में सुविधा होगी और शासन की योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। श्री मनहरण साहू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसेमंद मंच बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनना और मौके पर समाधान करना सराहनीय पहल है।

## बैटरी चलित ट्राईसाइकिल बनी श्री अमरसाय के सपनों की नई रफ्तार



- शासन की संवेदनशील पहल से दिव्यांग हितग्राही के जीवन में लौटी आत्मनिर्भरता की उम्मीद

रायपुर/ संवाददाता

सूरजपुर जिला के ग्राम नमना, विकासखंड प्रेमनगर निवासी दिव्यांग हितग्राही श्री अमरसाय कभी दूसरों के सहारे अपने दैनिक कार्यों के लिए संघर्ष करने वाले के जीवन में आज एक नई उम्मीद ने दस्तक दी। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा उन्हें बैटरी चलित ट्राईसाइकिल प्रदान की गई, जिसने न केवल उनकी आवाजाही को आसान बनाया, बल्कि आत्मनिर्भर जीवन की राह भी खोल दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजेंद्र सिंह पाटले ने स्वयं श्री अमरसाय को ट्राईसाइकिल सौंपकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। ट्राईसाइकिल मिलते ही अमरसाय के चेहरे पर जो मुस्कान उभरी, वह शासन की जनकल्याणकारी सोच और संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था की जीवंत तस्वीर बन गई। श्री अमरसाय ने भावुक स्वर में कहा कि अब उन्हें अपने कार्यस्थल तक पहुंचने में किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पहले छोटी-छोटी दूरी तय करना भी कठिन होता था, लेकिन अब यह ट्राईसाइकिल उनके लिए नई स्वतंत्रता लेकर आई है। उन्होंने शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके जीवन को नई दिशा देने वाली साबित होगी। सुशासन तिहार 2026 के तहत जिला प्रशासन सूरजपुर द्वारा लगातार ऐसे जरूरतमंद हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिन्हें वास्तव में सहारे की आवश्यकता है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राईसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र और अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशीलता के साथ सहायता पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित और मानवीय दृष्टिकोण से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## धारसिंह साहू के लिए सहारा, खेती किसानी को मिली नई मजबूती...

- किसान क्रेडिट कार्ड योजना से मिला 72 हजार रुपये का ऋण

रायपुर/ संवाददाता



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2026 ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन और जन-जागरूकता का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थानीय किसान श्री धारसिंह साहू के लिए बेहद सुखद और लाभकारी साबित हुआ। इस शिविर में उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 72 हजार रुपये के ऋण का चेक प्रदान किया गया। ऋण का चेक प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए किसान श्री धारसिंह साहू ने कहा कि इस राशि से मैं अपनी खेती-किसानी के कार्यों को और अधिक बेहतर ढंग से कर सकूंगा। मेरे पास 3.32 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें मैं धान और गेहूं की फसल लेता हूं। समय पर ऋण मिलने से अब निंदाई, गुड़ाई, रोपा और अन्य कृषि निवेशों के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि समय पर कृषि कार्य होने से फसल का उत्पादन बढ़ेगा। शासन की किसान हितैषी योजनाओं से होने वाली अच्छी आय की बदौलत ही वे आज अपने बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा दिला पा रहे हैं। श्री धारसिंह साहू ने राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना की सराहना करते हुए बताया कि उन्हें धान खरीदी का बेहतरीन लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों के लिए एक वरदान है। इससे कृषि निवेश और पारिवारिक जरूरतों के लिए समय पर बेहद कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध हो जाता है।

## पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव की तैयारियां तेज

रायपुर। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा 30 मई को आयोजित किए जा रहे पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव की तैयारियों को लेकर आज प्रेस क्लब परिसर में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं।रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने सबसे पहले प्रेस क्लब कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक ली। बैठक में कार्यकारिणी के नव नियुक्त सात सदस्यों के साथ विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के विशेष आमंत्रित संयोजक तथा सलाहकार सदस्य के रूप में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व महासचिव भी उपस्थित रहे।कार्यकारिणी की बैठक के पश्चात पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव के सफल आयोजन हेतु गठित विभिन्न समितियों की अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में संरक्षक एवं सलाहकार मंडल के सदस्यों ने विभिन्न समितियों के संयोजकों के साथ आयोजन की रूपरेखा, कार्यक्रम के स्वरूप तथा आयोजन की सफलता को लेकर विस्तार से चर्चा की।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित यह विशेष उत्सव दिनभर चार सत्रों में संपन्न होगा।कार्यक्रम का प्रथम सत्र शुभारंभ सत्र होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। द्वितीय सत्र हिंदी प्रिंट मीडिया की 200 वर्षों की गौरवशाली यात्रा एवं उसकी भूमिका पर केंद्रित रहेगा। तृतीय सत्र इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं न्यू मीडिया की संभावनाओं और चुनौतियों पर आधारित होगा।

**झांकी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, मौके पर हुआ निराकरण**

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

- अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

रायपुर/ संवाददाता



सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत झांकी स्थित शासकीय हाई स्कूल मैदान में आज जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान एसडीएम नवागढ़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनमें से अनेक का निराकरण मौके पर ही किया गया। शिविर परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। विभागीय अधिकारियों ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री वय वंदन योजना से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। खाद्य विभाग द्वारा पात्र परिवारों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए, वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान कर वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को नवीन आवास की चाबियां भी सौंपी गईं। अपने पक्के घर की चाबी प्राप्त कर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार जताया। मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी समस्याएं लिखित आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत करने की अपील की, ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन का उद्देश्य प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाना है, जिससे आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविरों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का निराकरण एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।मंत्री श्री बघेल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई और कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।अपने संबोधन में मंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण एवं गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नल-जल योजना के माध्यम से प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही प्रदेश में जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़े पैमाने पर आवास निर्माण कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों के हित में धान खरीदी, आयुष्मान योजना, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड निर्माण, सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों से साझा की। शिविर में ग्रामीणों ने राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, बिजली, पेयजल, सीमांकन, नामांतरण एवं कृषि संबंधी समस्याएं रखीं। मंत्री श्री बघेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पात्रता अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल एवं बिजली व्यवस्था सुचारु बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## विश्वस्तरीय रेल सेवा के दावों के बीच यात्रियों की सुरक्षा पर गहराता भरोसे का संकट

यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर सुरक्षित सफर के लिए रेल सेवाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया जा रहा है, तो दूसरी तरफ बुनियादी सुरक्षा उपाय विभागीय अनदेखी की वजह से कमजोर पडते जा रहे है ।यह बात छिपी नही है कि इस तरह के रेल हादसों में नाममात्र की कार्रवाई होती है और बाद में जाच के नतीजे भी सार्वजनिक नही किए जाते है ।रेल सेवा आम लोगों के लिए जीवन रेखा मानी जाती है, मगर यह सुविधा कई बार यात्रियों की जान पर भारी पड़ जाती है । सरकार की ओर से देश के रेल सेवा तंत्र को विश्वस्तरीय बनाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि कब और कहां रेल हादसा हो जाए, इसकी आशंका हमेशा बनी रहती है । पिछले दो दिन मे तीन रेल हादसों ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता को और गहरा कर दिया है ।बिहार के सासाराम में सोमवार को प्लेटफॉर्म पर खड़ी एक यात्री रेलगाड़ी में आग लग गई, जिससे एक डिब्बा पूरी तरह जल गया । दूसरा हादसा उत्तराखंड में ऋषिकेश के योगनगरी रेलवे स्टेशन पर रात को हुआ, जब ट्रैक बदलते समय उज्जैनी एक्सप्रेस पटरी से उतर गई । इससे पहले रविवार को मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में राजधानी एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगने की घटना सामने आई थी । गनीमत रही कि इन तीनों हादसों में कोई जनहानि नहीं हुई । मगर सवाल है कि इस तरह के हादसों से सबक लेकर हर स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाने को लेकर गंभीरता आखिर नदारद क्यों है ?यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर सुरक्षित सफर के लिए रेल सेवाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया जा रहा है, तो दूसरी तरफ बुनियादी सुरक्षा उपाय विभागीय अनदेखी की वजह से कमजोर पडते जा रहे हैं । खबरों के मुताबिक, सासाराम मे रेलगाड़ी की एक बोगी मे आग की घटना के समय स्टेशन पर अग्निशमन की माकूल व्यवस्था नही थी । न तो वहां रेलगाड़ी में पानी भरने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन से तत्काल पानी उपलब्ध हो पाया और न ही स्टेशन पर रखे गए अग्निशमन सिलेंडरों में गैस थी । आग कैसे लगी, इसका भी कोई स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है ।यह बात छिपी नही है कि इस तरह के रेल हादसों मे नाममात्र की कार्रवाई होती है और बाद में जांच के नतीजे भी सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं । कहने को रेलवे बोर्ड के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, लेकिन व्यवस्थागत खामियों को जब तक दुरुस्त नहीं किया जाएगा और हर स्तर पर जवाबदेही तय नही होगी, तब तक सुरक्षित सफर की उम्मीद धुंधली ही रहेगी ।उत्तराखंड के ऋषिकेश में सोमवार रात उज्जैन एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई । योग नगरी रेलवे स्टेशन के पास खांड गांव क्षेत्र में रात करीब 9-30 बजे ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए । राहत की बात यह रही कि हादसे के समय ट्रेन में कोई यात्री सवार नहीं था । शुरुआती जांच में ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है । बताया जा रहा है कि ट्रेन की नियमित मेंटेनेंस के दौरान यह हादसा हुआ ।

**शुभेंदु सरकार की गति और संकल्प सिद्धि के प्रयासों से जुड़े निर्णयों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगा है। हालत यह हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का डायमंड हार्बर मॉडल का पुष्पा जहागीर खान बहाना बनाकर फलटा विधानसभा उपचुनाव में ठीक उसी समय पलटा मारकर कर भाग गया जब मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनने के लिए रोड शो निकाल रहे थे। यह वही क्षेत्र है जहां विधानसभा चुनावों के दौरान ईवीएम मशीन पर भाजपा के चुनाव चिन्ह के आगे काला टेप लगा दिया गया था। यूपी के एक तेजतर्रार पुलिस अफसर अजय पाल शर्मा की आब्जर्वर के रूप में नियुक्ति हुई थी जिसके बाद जहांगीर खान ने पोस्टर जारी करके अपने आप को पुष्पा बताने की जुर्रत की थी। आज वही तथाकथित पुष्पा चुनावी मैदान बीच में छोड़कर भाग खड़ा हुआ। यह भय बनाम भरोसे में भरोसे की एक और बड़ी जीत है।**

# शुभेंदु सरकार के त्वरित निर्णयों से उभरता नया बंगाल

(मृत्युंजय दीक्षित)

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के भगवावस्त्र धारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चरण स्पर्श किए थे और उनके शपथ ग्रहण में योगी जी ने अपना भगवा पटका उनके गले में डाला था तभी यह बात तय हो गई थी कि बंगाल भी उत्तर प्रदेश की तरह सांस्कृतिक पुनर्जागरण के मार्ग पर चलने वाला है।

बंगाल में 69 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद बनी शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अपने चुनावी संकल्प पत्र के अनुरूप काम पर लग गई है। सत्ता परिवर्तन होते ही सभी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बंद करवाए गए। अवैध बूचड़खानों पर बुलडोजर एक्शन के आदेश जारी हुए। सभी विद्यालयों में अब सम्पूर्ण वंदेमातरम का गायन अनिवार्य कर दिया गया है। सड़कों पर नमाज व अन्य धार्मिक गतिविधियों पर पाबंदी लगा दी गई है। सीमा पर फेंसिंग के लिए सीमा सुरक्षा बल को जगह दे दी गई है और सम्पूर्ण भूमिहस्तांतरण निर्णय के 45 दिन में पूरा हो जाएगा। चिकन नेक क्षेत्र केंद्र को सौंप दिया गया है। धार्मिक आधार पर चलने वाली योजनाएं जैसे इमामों को वेतन बंद कर दिया गया है। आर.जी.कर केस की फाइल दोबारा खुलने के आदेश हो गए हैं। आयुष्मान भारत जैसी केंद्रीय जन कल्याण योजनाएं अब बंगाल पहुँच रही हैं।

शुभेंदु सरकार की गति और संकल्प सिद्धि के प्रयासों से जुड़े निर्णयों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगा है। हालत यह हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का डायमंड हार्बर मॉडल का पुष्पा जहागीर खान बहाना बनाकर फलटा विधानसभा उपचुनाव में ठीक उसी समय पलटा मारकर कर भाग गया जब मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनने के लिए रोड शो निकाल रहे थे। यह वही क्षेत्र है जहां विधानसभा चुनावों के दौरान ईवीएम मशीन पर भाजपा के चुनाव चिन्ह के आगे काला टेप लगा दिया गया था। यूपी के एक तेजतर्रार पुलिस अफसर अजय पाल शर्मा की आब्जर्वर के रूप में नियुक्ति हुई थी जिसके बाद जहांगीर खान ने पोस्टर जारी करके अपने आप को पुष्पा बताने की जुर्रत की थी। आज वही तथाकथित पुष्पा चुनावी मैदान बीच में छोड़कर भाग खड़ा हुआ। यह भय बनाम भरोसे में भरोसे की एक और बड़ी जीत है। यह सब कुछ हिंदुओं की एकजुटता और उनके जागरण से ही संभव हो सका है अगर हिंदू समाज आगे भी इसी प्रकार एकजुट रहता है तो सनातन का अपमान करने व उन्हें भयभीत करने वाले लोग इसी प्रकार से स्वतः प्रेरणा से भागते रहेंगे।

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के भगवावस्त्र धारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चरण स्पर्श किए थे और उनके शपथ ग्रहण में योगी जी ने अपना भगवा पटका उनके गले में डाला था तभी यह बात तय हो गई थी कि बंगाल भी उत्तर प्रदेश की तरह सांस्कृतिक पुनर्जागरण के मार्ग पर चलने वाला है।



बंगाल में भी दंगाइयों व उत्पातियों का इलाज यूपी की ही तरह होगा। कोलकाता के जिस थाने पर दगांइयों ने हमला करने का प्रयास किया था वहां मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी खुद पहुंचे और पुलिस बलों का मनोबल बढ़ाते हुए दंगाइयों व उपद्रवियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने को कहा। मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि पुलिस पहले ममता दीदी के गुंडों से डरती थी किंतु अब समय बदल चुका है।

शुभेंदु सरकार के बड़े निर्णयों में वर्ष 2021 के चुनावों के बाद राज्य में हुई राजनतिक हत्याओं व हिंसक घटनाओं की सभी फाइलें खोलना भी है जिसके कारण ममता दीदी इतनी अधिक भयभीत हो गयीं कि वह काला कोट पहनकर हाईकार्ट पहुंच गयीं और 2021 की हिंसा से ध्यान भटकाने के लिए 2026 के चुनावों के बाद घटी कुछ छुटपुट घटनाओं को सनसनीखेज बताने का असफल प्रयास किया। जब वह कोर्ट परिसर से बाहर निकलने लगीं तब वकीलों के एक बड़े समूह ने उन्हें घेर लिया और चोर -चोर के नारे लगाए।

बंगाल में अब सीबीआइ तथा ईडी जैसे केंद्रीय जांच एजेंसियों का प्रवेश संभव हो गया है, जिससे वहां 69 वर्षों में हुए घोटालों की जांच में गति आएगी। ईडी ने टीएमसी के बड़े नेताओं को हिरासत में ले भी लिया है। शुभेंदु अधिकारी के 145 एकड़ जमीन बीएसफ को देने के ऐतिहासिक निर्णय से बांग्लादेशी घुसपैठ की रोकथाम में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की आशा है क्योंकि बांग्लादेश से लगी हुई बंगाल की लंबी खुली सीमा से बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठिए आसानी प्रवेश कर लेते थे। अब सीमा पर तीव्रता के साथ फेंसिंग का कार्य होगा।

बंगाल में मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए धर्म के आधार पर चलने वाली सभी योजनाएं बंद कर दी गई हैं। नई सरकार ने वोटबैंक के पुराने ढर्रे को ध्वस्त करने के एजेंडे पर आगे बढ़ चुकी है। बंगाल कैबिनेट ने धर्म के आधार पर चलाई जा रही सभी वित्तीय सहायता योजनाओ को पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लिया है। यह मात्र एक प्रशासनिक निर्णय नहीं अपितु बंगाल की राजनीतिक दिशा को बदलने वाला वैचारिक परिवर्तन है। चुनावी बिसात पर इमामों, मुअज्जिनों और पुरोहितों के लिए शुरू की गई मासिक भत्ता पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बंगाल के खेल मंत्री नीशिथ प्रामाणिक ने कोलकाता के युवा भारती क्रीडांगन परिसर में लगी व लोगो वाली फुटबालर की आधी प्रतिमा को तोड़े जाने का आदेश दिया है, बंगाल सरकार की विभिन्न वेबसाइटो से भी इसे हटाया जा रहा है। दिसंबर 22 में अर्जेंटीना के फुटबॉलर मेसी के कार्यक्रम में मची भगदड़ और कुप्रबंधन की जांच की जाएगी। उस घटना की फाइलें खोलने के आदेश जारी हो चुके हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी व अन्य सभी सहयोगी मंत्री यह बात लगातार कह रहे हैं कि जिन लोगों ने बंगाल को लूटा और जनता के मन मे भय पैदा किया उन सभी पर कार्यवाही जरूर की जाएगी।

बंगाल में अब आयुष्मान भारत योजना सहित केंद्र सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं के लागू होने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। भाजपा ने बंगाल की महिलाओं से किए गए वादों को भी लागू करना भी आरंभ कर दिया है। आगामी एक जून 2026 से महिलाओं को 3000 रुपये की मासिक सहायता वाली अन्नपूर्णा योजना को भी मंजूरी दे दी गई है। बंगाल की महिलाओ को बस में फ्री यात्रा की सुविधा भी मिलने जा रही है। सरकारी कर्मचारियों के साथ किया गया 7वें वेतन आयोग का वादा भी पूरा होने जा रहा है। बंगाल मे पड़ोसी राज्यों से ट्रकों की आवाजाही के दौरान 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की जो कटमनी टीएमसी के गुंडे वसूल रहे थे उनके अनधिकृत टोल नाके बंद किए जाने के आदेश आ चुके हैं। बंगाल का आलू अब पूरे भारत में जाएगा।

बंगभूमि पर वंदेमातरम की गूंज व जयश्रीराम का नारा सुनाई दे रहा है। बंगाल परिवर्तन की डगर पर चल पड़ा है। भय पर भरोसे की विजय हो रही है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# एचआईवी वैक्सीन की खोज: चुनौतियों के बीच चमकती उम्मीद

(योगेश कुमार ग)

यही कारण है कि एचआईवी को आज भी सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक माना जाता है। एचआईवी संक्रमण का हालाकि अभी तक कोई कारगर इलाज नही है लेकिन आवश्यक और प्रभावी उपचार तथा देखभाल एचआईवी से पीडित लोगों को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने मे मदद कर सकती है। पूरी दुनिया मे एचआईवी एक खतरनाक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रहा है। एचआईवी मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है और उपचार नही किए जाने पर एड्स में बदल सकता है। एड्स पहली बार 1981 मे अमेरिका में रिपोर्ट किया गया था और देखते ही देखते यह एक विश्वव्यापी महामारी बन गया। एड्स ऐसी स्थिति होती है, जो संक्रमण से लड़ने की शरीर की क्षमता को बेहद कमजोर कर देती है। ऐसे व्यक्ति को तपेदिक, विभिन्न संक्रमण और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्वभर में इस समय चार करोड़ से भी ज्यादा लोग एचआईवी से प्रभावित है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 2021 में साढ़े छह लाख लोग एचआईवी से संबंधित कारणों से मारे गए और 15 लाख लोगों को एचआईवी हुआ। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि एचआईवी दुनियाभर में 4.01 करोड़ लोगों की मौत का कारण बन चुका है और अभी भी सभी देशों मे एचआईवी संचरण देखा जा रहा है तथा कुछ देश तो नए मामलों में वृद्धि भी रिपोर्ट कर रहे हैं।

यही कारण है कि एचआईवी को आज भी सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक माना जाता है। एचआईवी संक्रमण का हालाकि अभी तक कोई कारगर इलाज नहीं है लेकिन आवश्यक और प्रभावी उपचार तथा देखभाल एचआईवी से पीड़ित लोगों को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी के लिए टीका विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालने के लिए 18 मई को 'विश्व एड्स वैक्सीन दिवस' मनाया जाता है, जिसे 'एचआईवी वैक्सीन जागरूकता दिवस' भी कहा जाता है। वास्तव में यह उन वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के काम का सम्मान करने का अवसर है, जो लंबे समय से एचआईवी की रोकथाम के लिए टीका बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

पहली बार 'विश्व एड्स वैक्सीन दिवस' अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के भाषण का सम्मान करते हुए 18 मई 1998 को मनाया गया था। दरअसल बिल क्लिंटन ने 18 मई 1997 को मैरीलैंड में मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी में दिए अपने भाषण में इस घातक बीमारी को रोकने और उन्मूलन में टीकाकरण के महत्व पर जोर देते हुए एचआईवी का एक ऐसा टीका विकसित करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा था कि एक प्रभावी एचआईवी टीका ही एचआईवी के प्रसार को नियंत्रित करने और उन्मूलन में मदद करेगा और एचआईवी से लड़ने की लोगों की क्षमता में सुधार करेगा। तभी से वैश्विक स्तर पर कई समूहों द्वारा लोगों को एड्स निवारक उपाय करने, एड्स संबंधी शिक्षा का प्रसार करने, शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने तथा इस कार्य में आम आदमी की पूर्ण भागीदारी का आश्वासन देने के लिए विश्व एड्स वैक्सीन दिवस मनाया जाता है।




विभिन्न बीमारियों के उपचार और रोकथाम के लिए टीके मानवता की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपलब्धियों में से एक हैं, जो मानव शरीर को वायरस अथवा बैक्टीरिया के कमजोर या निष्क्रिय रूप में उजागर करके अपना काम करते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटीबॉडी विकसित करने के लिए उत्तेजित करते हैं ताकि शरीर भविष्य के संक्रमण से भी लड़ सके। इसीलिए एक सफल एचआईवी टीका बनाने के लिए भी दुनियाभर के शोधकर्ता प्रयासरत हैं, जिससे वायरस के प्रसार को रोकते हुए लाखों लोगों की जान बचाने में मदद मिल सके। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में एड्स के टीके की खोज की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है लेकिन एक कारगर सार्वभौमिक एचआईवी वैक्सीन की राह में अभी भी काफी चुनौतियां बरकरार हैं।

# 'जेन जी' का नया एडीशन और 'कॉकरोच' का 'हिट'

प्रो. मनोज कुमार

2014 को समाज नहीं भूला होगा और अब उनकी याद में 2026 भी दर्ज हो गया है। 2014 में 'जेन जी' का भारत में उदय हुआ था। भ्रष्टाचार और युवाओं के सपनों को लेकर अन्ना हजारे की अगुवाई में लाखों युवा सडक़ पर उतर आए थे। उम्मीद और भरोसे के साथ देश की राजधानी दिल्ली की सडक़ें युवाओं से पट गई थी। इसी समय चाय पर चर्चा करती भाजपा ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। केन्द्र की सरकार पर भाजपा इस 'जेन जी' के रास्ते सत्ता में काबिज हो गई तो केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने दिल्ली राज्य की सत्ता पर 'जेन जी' के सहारे बैठ गए। 2014 की पुनरावृत्ति सडक़ पर नहीं, सोशल मीडिया पर दिख रही है जब गुस्साये एक नौजवान ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नाम से संगठन खड़ा कर दिया। हैरानी नहीं होना चाहिए बल्कि पड़ताल होना चाहिए कि 'जेन जी' इस समय कितना उबल रहा है और देखिए कि कुछ घंटों में हजारों से लाखों और लगभग इस समय तक करोड़ के आसपास युवा जुड़ गए हैं। 2014 के आंदोलन और आज के कॉकरोच जनता पार्टी के बीच कोई साम्य नहीं है लेकिन जेपी आंदोलन, अन्ना आंदोलन और आज के इस सोशल मीडिया आंदोलन में एक साम्य है, वह कि युवा जब घायल होता है तो वह संसार बदल डालता है। इसे आप कॉकरोच जनता पार्टी कहें या नेपाल के 'जेन जी' का नया एडीशन, युवाओं का गुस्सा उफान पर है।



कॉकरोच जनता पार्टी से जुडऩे का आह्वान भी अलग किस्म का है। यहाँ उसे सरकार बदलने या कथित बयान पर गुस्सा निकालने की कोई अपील नहीं किया गया बल्कि सीधे-सीधे उन लोगों से जुडऩे का अनुरोध किया गया जो बेरोजगार हों, आलसी हों और ज्यादतर ऑनलाइन रहते हों। यह अपील भी नाराजगी जाहिर करने का अपनी किस्म का शायद पहला हो लेकिन देखते ही देखते करोड़ों की संख्या में लोग जुडऩे लगे। सोशल मीडिया के महारथी भी इस तूफान से औचक और हैरान रह गए। उनकी सारी कोशिशें नाकाम हो गई और 'कॉकरोच' ने ऐसा 'हिट' मारा की सबके सब दुबक गए। पहले तो इस बात को समझ लें कि आखिर कॉकरोच जनता पार्टी का सोशल मीडिया एडीशन क्यों और कैसे खड़ा हुआ? कहा जाता है कि इस समूह का जन्म एक कथित टिप्पणी के विरोध से हुआ। यह भी स्पष्ट कर दें कि जिस टिप्पणी को लेकर युवा आक्रोशित हुआ है, उस टिप्पणी पर सफाई भी दी जा चुकी है। आमतौर पर देखा और समझा जा सकता है कि अनेक बार बयानों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया जाता है और सोशल मीडिया में ऐसे बयान को वायरल कर दिया जाता है। वायरल करने वाले का एकमात्र मकसद होता है अधिकाधिक धन अर्जन करना लेकिन दूसरी तरफ इस वायरल मैसेज से समाज में जो अराजकता उत्पन्न होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है, उसकी आहट सुनायी देने लगी है। भारत के इतिहास में यह पहला मौका नहीं है, अनेक बार ऐसी स्थिति आयी है किन्तु इस बार इसे सतही तौर पर लिया जाना थोड़ा खतरनाक हो सकता है। सोशल मीडिया का प्रभाव जितना बड़ा है, उसका बिजनेस मॉडल कहीं उससे ज्यादा बड़ा है। इस बात को भी जेहन में रखकर सोचना होगा।

2014 का अन्ना आंदोलन आज भी लोगों के जेहन में है और केन्द्र की सत्ता परिवर्तन का एक बड़ा कारक इसे माना जाता है। यह आज के कॉकरोच जनता पार्टी की भाँति उदय ना होकर मुद्दा आधारित था। लोकपाल माँग के साथ अन्ना आंदोलन की स्क्रिप्ट लिखी गई थी।

जिस लोकपाल की माँग को लेकर आंदोलन खड़ा किया गया था, वह पूर्ण हुआ या नहीं, यह अलग विषय है। हालाँकि इसी आंदोलन से केजरीवाल ने 'आप' पार्टी को जन्म दिया। लोकप्रियता का आलम यह था कि लोकसभा में जलवा दिखाने वाली भाजपा को नाक के नीचे 'जेन जी' वाले केजरीवाल ने सत्ता से बाहर ही रखा। यह सब सुनियोजित नहीं था, जो हो रहा था, वह अप्रत्याशित था। लोगों के बीच संदेश गया कि जेपी आंदोलन के बाद देश में फिर एक बार परिवर्तन की लहर चल पड़ी है। दिल्ली की सत्ता में आप पार्टी ने कई प्रयोग किए लेकिन आखिरकार उनको भी मतदाताओं ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। लोकतंत्र में मतदाता भगवान होता है और वह चाहे जो निर्णय दे, वही मान्य होता है। पराजय के बाद आरोप-प्रत्यारोप स्वाभाविक है।

यहाँ यह बता देना सामयिक होगा कि जिन लोगों को जेपी आंदोलन याद है, जिन लोगों को अन्ना आंदोलन का स्मरण है, वे याद रखें कि संभवत- देश में ऐसी ही युवा आंदोलन से असम में पहली बार प्रफुल्ल मोहंता सरकार बनी थी। इसकी उम्र भी कोई दसेक साल की रही। सवाल यह है कि युवा जोश ठंडा पड़ गया या कि मतदाता जागरूक हो गए जिन्होंने तीसरी बार मोहंता को अवसर नहीं दिया। कुछ ऐसा ही मामला बंगाल से रूखसत की गई ममता बेनर्जी को दिखता है। ऐसे ही जोश-खरोश के साथ बंगाल के मतदाताओं ने टीएमसी को पंद्रह वर्षों तक सत्ता सौंपी थी लेकिन विकल्प मिलते ही उन्हें सरकार से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। फिर वही विलाप कि चुनाव में धांधली की गई। खैर, यह सब होता है और होता रहेगा।

अब सवाल आज की सोशल मीडिया पर बनी कॉकरोच जनता पार्टी का है। युवा वेग उफान पर है लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि यह वेग कब तक रहेगा और किस दिशा में चलेगा? नाराजगी में बना कोई संगठन (फिलहाल कानूनी अस्तित्व नहीं) अक्सर रास्ता भटक जाता है। जिस तेजी से युवा लामबंद हो रहे हैं, वह बदलाव ला भी सकते हैं और खुद भी बदल सकते हैं। मिसाल के तौर पर नेपाल में जो कुछ हुआ, वह भारत में संभव नहीं है। युवा उम्र ही क्राँति का बीज बोती है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है लेकिन क्राँति के लिए मुद्दाआधारित गुस्से की जरूरत होती है और ऐसे आंदोलन जेपी और अन्ना का इस देश ने देखा है। भारत में नए किस्म के 'जेनजी' को फिलवक्त कुछ राजनीतिक लोगों का समर्थन भी मिलता दिख रहा है। प्रतिपक्ष की राजनीति देशहित के लिए होता है और संभव है कि आगे भी इस नए-नवेले संगठन को कोई साथ मिलेगा क्योंकि लाभ की राजनीति भला कौन छोडऩा चाहेगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि सोशल मीडिया का प्रभाव संचार के किसी भी अन्य माध्यमों से ज्यादा प्रभावी और व्यापक है। घड़ी के सेकंड के काँटे के साथ सोशल मीडिया में लिखी-बोली गई बातें दुनिया भर में फैल जाती हैं और यही सबकुछ अभी हो रहा है। किसी राजनीतिक पार्टी को अपना कुनबा बढ़ाने के लिए वर्षों लग जाते हैं, वहीं अल्प समय में खड़ी हुए संगठन में करोड़ लोगों का जुट जाना अस्वाभाविक है।आगे देखना दिलचस्प होगा कि कॉकरोच जनता पार्टी रील की तरह स्क्रॉल हो जाएगी या इसका जेपी-अन्ना आंदोलन जैसा कोई प्रभाव दिखेगा। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया शिक्षा से संबद्ध हैं)

## महिला जलवाहिनी निभा रही है जल संरक्षण की अलख...

# स्वच्छता समिति की सहभागिता से बदली मरकापाल की सूरत

जगदलपुर। जिले के विकासखंड तोकापाल के ग्राम पंचायत घाटधनोरा के आश्रित ग्राम मरकापाल में ग्रामीणों के भीतर उपजी जल संरक्षण की अनूठी भावना और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सहभागिता से पानी को सहेजने सहित स्वच्छता एवं साफ-सफाई की एक नई इबारत लिखी जा रही है। साथ ही महिला जलवाहिनी की महिलाएं गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता निर्मित कर रहीं हैं। कभी पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसने वाले इस छोटे से गांव में समिति के कुशल प्रबंधन के चलते न केवल घर-घर पेयजल पहुंच रहा है, बल्कि पानी को सहेजने और उसकी बर्बादी रोकने के लिए एक सामूहिक अभियान भी चल पड़ा है।



केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना ने लगभग 220 की आबादी वाले इस गांव की उस पुरानी तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है, जहां हर मौसम में पानी का इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती था। ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की भारी बर्बादी होती थी। प्रत्येक मौसम में दूर से जल भरकर लाना बेहद कठिन एवं थकान भरा कार्य था। गांव की ही एक हितग्राही हीरामनी अपने पुराने दिनों को याद करते हुए भावुक होकर कहती हैं कि पहले बोरिंग से पानी भरकर लाना थका देने वाला काम था, किन्तु जल जीवन मिशन के तहत मरकापाल को पूरी तरह से जलापूर्ति से जोड़ने के लिए गांव में चार हैंडपंपों के साथ-साथ एक पृथक जल स्त्रोत विकसित कर 10 हजार लीटर क्षमता की टंकी से मोटर पंप के जरिए जलापूर्ति किया जा रहा है। इसके साथ ही बिछाई गई पाईप लाईन ने पूरे गांव को एक सूत्र में पिरो दिया है। इसी पाईप लाईन के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अब ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की निगरानी में सभी घरों की दहलीज तक समय-समय पर और सुचारू रूप से पेयजल पहुंच रहा है। इस पूरी व्यवस्था और पाईप लाईन के जरिए होने वाली सुरक्षित आपूर्ति को धरातल पर सफल बनाए रखने में गांव के पंप ऑपरेटर सुरेश कश्यप दिन-रात जुटे रहते हैं। वे पूरी जिम्मेदारी के साथ जल प्रदाय व्यवस्था की देखरेख करते हैं और समय पर सभी घरों तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करते हैं। गांव में आए इस अभूतपूर्व तकनीकी और सामाजिक बदलाव को देखकर ग्राम पंचायत घाटधनोरा की सरपंच तुलसी बाई बघेल एवं सचिव चिंतामणी मौर्य ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इस भगीरथ प्रयास, समिति के बेहतर प्रबंधन और ग्रामीणों के जीवन को सुगम बनाने के लिए सरकार को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस पूरे मिशन की सबसे अहम बात यह है कि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के प्रयासों से ग्रामीणों के भीतर जल संरक्षण की भावना गहराई से बैठ चुकी है। पानी की किल्लत झेल चुके मरकापाल के निवासी अब पानी की हर एक बूंद की कीमत समझ रहे हैं। ग्रामीण अब जल प्रदाय योजना से मिलने वाले पानी का बेहद समझदारी से उपयोग कर रहे हैं।

# युवाओं के सपनों को मिलेगी उड़ान नारायणपुर में सजेगा करियर मार्गदर्शन का मंच

नारायणपुर। जिला प्रशासन नारायणपुर द्वारा जिले के विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, करियर जागरूकता एवं आत्मविश्वास निर्माण के उद्देश्य से 27 मई से 31 मई 2026 तक जिला मुख्यालय स्थित ए जी सिनेमा हॉल में पांच दिवसीय आवासीय कैरियर गाइडेंस, कम्युनिकेशन एंड कांन्फीडेंस डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शासकीय एवं आश्रम विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक करियर विकल्पों के साथ आधुनिक एवं गैर-पारंपरिक शिक्षा तथा रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान कर उनके भविष्य के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित करना है। कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली एवं आईआईटी मुंबई से जुड़े अनुभवी प्रशिक्षक, करियर मेंटर्स एवं विशेषज्ञ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। पांच दिनों के दौरान विद्यार्थियों को संवाद कौशल, सार्वजनिक वक्तृत्व, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास विकास, करियर योजना निर्माण, उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम अंतर्गत टीईडी शैली के प्रेरणादायी सत्र, समूह गतिविधियां, मंच संचालन अभ्यास, करियर एक्सपोजर सत्र, व्यक्तित्व विकास कार्यशालाएं तथा करियर ब्लुप्रिंट निर्माण जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों को विज्ञान, तकनीक, उद्यमिता, सरकारी सेवाएं, कौशल विकास, डिजिटल अवसर, रचनात्मक क्षेत्रों एवं अन्य उभरते करियर विकल्पों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के अंतिम दिवस विद्यार्थी अपने करियर विजन एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रस्तुति देंगे तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने कहा है कि नारायणपुर के विद्यार्थियों में प्रतिभा एवं क्षमता की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, अवसर एवं आत्मविश्वास प्रदान करने की है। यह कार्यक्रम युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की दिशा में प्रेरित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

# डिजिटल क्रांति से चमकी नारायणपुर के किसान रामसाय की किस्मत एग्रीस्टेक बना वरदान

नारायणपुर। छोटे से गांव ऊंचाकोट ग्राम पंचायत भरण्डा के रहने वाले किसान रामसाय कवाड़े के चेहरे पर आज एक अलग ही सुकून और मुस्कान है। कुछ समय पहले तक खेती-किसानी के काम से ज्यादा उन्हें इस बात की चिंता सताती थी कि सहकारी समिति से खाद-बीज कैसे मिलेगा, फसल बेचने के लिए किन दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक कैसे पहुंचेगा। लेकिन डिजिटल इंडिया और छत्तीसगढ़ शासन की एक बेहतरीन पहल ने उनकी जिंदगी की इन तमाम उलझनों को एक झटके में दूर कर दिया है। यह सब मुमकिन हुआ है शासन की डिजिटल कृषि पहल एग्रीस्टेक के माध्यम से, जो रामसाय जैसे हजारों किसानों के लिए एक बड़ी राहत बनकर आई है। नारायणपुर जिले के किसान रामसाय बताते हैं कि पहले खेती के हर सीजन में खाद-बीज की खरीदी और अपनी मेहनत की फसल को सही समय पर बेचने में उन्हें कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतों और लंबी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। घंटों कतारों में लगना और कागजी खानापूर्ति करना एक बड़ा सिरदर्द था। लेकिन जब से रामसाय ने एग्रीस्टेक पोर्टल पर अपना सफलतापूर्वक पंजीयन कराया है, तब से उनकी पूरी दुनिया ही बदल गई है। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होते ही उन्हें अपनी एक विशिष्ट फार्मर आईडी मिल गई है। अब उनकी खेती-



किसानी से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी ऑनलाइन दर्ज हो चुकी है। रामसाय बेहद खुश होकर कहते हैं कि अब मुझे खाद वितरण, फसल पंजीयन या किसी भी शासकीय योजना का लाभ लेने के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। डिजिटल व्यवस्था ने सब कुछ इतना पारदर्शी और सरल बना दिया है कि अब खेती करना और भी आसान और सुखद हो गया है। इस अभूतपूर्व बदलाव और सहूलियत के लिए रामसाय ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का दिल से आभार व्यक्त किया है। रामसाय के लिए यह प्रक्रिया किसी जादू से कम नहीं थी।

# बिजली कटौती बार बार लाइट गुल से परेशान कांग्रेस ने किया बिजली विभाग का घेराव

## प्रदेश के सबसे सुस्त और कमजोर मंत्री है केदार कश्यप

नारायणपुर। जिले सहित नगर के सभी वार्डों मे लगातार बिजली गुल रहने और बिजली कटौती से जनता परेशान हो चुकी है, ऐसा कोई दिन नहीं ऐसा कोई रात नहीं जब लाइट गुल नहीं होता वही लगतार बढ़ते गर्मी नौटप्पा मे बिजली गुल से नगर की जनता श्रस्त हो चुकी है बिजली विभाग और जिला प्रशासन के ऊपर जनता का गुस्सा और बढ़ते जा रहा है सार्वजनिक स्थानों पर विभाग और प्रशासन के प्रति गुस्सा साफ देखा और सुना जा सकता है, लगतार बिजली गुल से परेशान जनता की परेशानियों को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान सैकड़ो की संख्या मे बिजली विभाग का घेराव किया गया, प्रशासन ने पहले है कोंग्रेसियो को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने बेरीकेट्स लगा कर जवान खड़े कर दिए थे,किंतु बिजली गुल से श्रस्त कोंग्रेसियो का गुस्सा प्रशासन का बेरीकेट्स रोक नहीं पाया, पुलिस और कोंग्रेसियो का जोरदार झूमाझटकी के बाद कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने विभाग के प्रांगण पहुंचने मे कामयाब हो गए, और बिजली विभाग के खिलाफ नारे बाज़ी करने लगे किन्तु पुलिस प्रशासन ने बिजली विभाग के बिल्डिंग को तालाबंन्दी कर रखा था जिला प्रशासन ने ज्ञापन लेने तहसीलदार को



भेजा था, नारे बाजी के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीवान और कांग्रेस नेता रजनू नेताम ने तहसीलदार को ज्ञापन सौपा बिजली कटौती और बार बार बिजली गुल तत्काल ठीक करने कहा गया है, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीवान और कांग्रेस नेता रजनू नेताम ने कहा की जिले मे भरपूर बिजली मिले इसलिए नेलवाड़ 332 केवी सब स्टेशन के निर्माण के समय ग्रामीणों के विरोध के बावजूद 15 एकड़ ज़मीन का व्यवस्था कर प्रशासन को उपलब्ध कराया किन्तु जिले का बिजली अन्य जिला कोंडागांव को दिया जा रहा है जो जिले का दुर्भाग्य है। वही प्रदेश सरकार मे मंत्री केदार कश्यप जो सबसे सुस्त मंत्री का विधानसभा क्षेत्र है, इस मंत्री के क्षेत्र मे जनता बिजली गुल बार बिजली बंद से श्रस्त हो चुकी है, मंत्री को इस क्षेत्र की जनता से कोई लेना देना नहीं इनके क्षेत्र का बिजली अन्य जिलों को भेजा जा रहा है। किंतु बीजेपी के बड़े से बड़े नेता का मंत्री के सामने मुँह तक नहीं खुलता बीजेपी और इनके मंत्री ने जिले को बर्बाद कर दिया है सालो से नेशनल हाइवे रोड का निर्माण हो रहा है। किन्तु मंत्री और इनके कार्यकर्त्ता पदाधिकारी ने नारायणपुर कोंडागांव रोड का यात्री बस का परिचालन करवा नहीं सके। इस कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष राजेश दीवान पूर्व प्रदेश महामंत्री रजनू नेताम पूर्व प्रदेश सचिव देवनाथ उसेंडी शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडी वड्डे, जिला महामंत्री संजय राय जिला कोषाध्यक्ष वी पी शुक्ला शहर कांग्रेस प्रभारी एवं महामंत्री रवि देवांगन नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुनीता मांझी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष वेदबती पात्र, पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, जिला प्रवक्ता एवं महामंत्री अमित भद्र, गजा पटेल, शब्बीर बढ़गुजार छोटेडोंगर ब्लॉक अध्यक्ष महेश कश्यप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, एनएसयूआई अध्यक्ष एवं पार्षद विजय सलाम, प्रदेश सचिव एनएसयूआई एवं पार्षद जयवट्टी, ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष माधेश्वर जैन, पूर्व पार्षद राखी राणा, एवं समस्त मंडल अध्यक्ष एवं सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# नारायणपुर जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र : बस्तर की बेटियों के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नई उड़ान



केंद्र से पास आउट 90 प्रतिशत छात्राएं दे रही हैं शासकीय व निजी अस्पतालों में सेवाएं, 3 वर्षीय आवासीय डिप्लोमा कोर्स से स्थानीय युवाओं को मिल रहे रोजगार के बेहतर अवसर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और स्थानीय युवाओं को नर्सिंग शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह संस्थान न केवल जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती दे रहा है, बल्कि स्थानीय बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उल्लेखनीय है कि नारायणपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए वर्ष 2014 में सबसे पहले एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई थी। बाद में, क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2017 में इस संस्थान का उन्नयन कर इसे जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के रूप में संचालित किया जाने लगा। वर्तमान में इस प्रशिक्षण केंद्र में कुल 40 सीटों पर प्रवेश की व्यवस्था है, जहां हर साल अक्टूबर- नवंबर माह में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होता है। यह 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का 12वीं (विज्ञान विषय) उत्तीर्ण होना और न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि यह केंद्र पूर्णतः आवासीय है, जहां वर्तमान में 108 छात्राएं रहकर पढ़ाई कर रही हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं के लिए शासन द्वारा छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) की सुविधा भी दी जा रही है। संस्थान की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2017 से लेकर सत्र 2023-24 तक यहाँ से कुल 182 विद्यार्थी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हो चुके हैं। गर्व की बात यह है कि इनमें से लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थी वर्तमान में विभिन्न शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी चिकित्सा संस्थानों में स्टाफ नर्स के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जीएनएम पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के द्वार भी खुले हैं। यहां से उत्तीर्ण छात्राएं आगे बीएससी नर्सिंग में प्रवेश लेकर अपने कौशल को और निखार सकती हैं। इसके बाद वे विभिन्न बड़े अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ट्यूटर और एम्स जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में सेवाएं देने के लिए पात्र हो जाती हैं। नारायणपुर का यह संस्थान आज स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बनकर उभरा है।

# अग्निवीर भर्ती 2025 में दशरथ भास्कर और संजय कड़की का हुआ चयन

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर एक बार फिर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस क्रम में नियद नेल्लानार पंचायत गामावाड़ा निवासी दशरथ भास्कर तथा ग्राम पंचायत गुटोली निवासी संजय कड़की का चयन अग्निवीर भर्ती 2025 में हुआ है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को सेना भर्ती के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रशासन की पहल पर अग्निवीर भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं को निशुल्क कोचिंग, आवास एवं शारीरिक प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। युवाओं को लिखित परीक्षा, दौड़, शारीरिक दक्षता, मेडिकल परीक्षण सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के लिए विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है। इन सुविधाओं का सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है और जिले के युवा लगातार सेना भर्ती में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। चयनित युवा दशरथ भास्कर एवं संजय कड़की ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, प्रशिक्षकों और जिला प्रशासन को दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं से उन्हें बेहतर तैयारी करने में काफी मदद मिली। जिला प्रशासन ने दोनों युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। प्रशासन ने कहा कि युवाओं को रोजगार और राष्ट्र सेवा से जोड़ने के लिए इस प्रकार के प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। अग्निवीर भर्ती में मिली इस सफलता से जिले के अन्य युवाओं में भी नया उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवा अब सेना भर्ती के प्रति अधिक जागरूक हो रहे हैं और बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष छाबड़ा ने नगर के विभिन्न पेट्रोल पंपों में पहुंचकर किसानों एवं आमजनों की समस्याएं सुनी



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष, पूर्व विधायक आशीष कुमार छाबड़ा के नेतृत्व में बेमेतरा शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों में ः बढ़ती हुई महंगाई पर संवादः कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों एवं वाहन चालकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और जनभावनाओं को सुना। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि डीजल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण खेती-किसानी का कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि खेतों में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों के संचालन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही किसानों ने खाद की कमी को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, वहीं कई स्थानों पर खाद मिल ही नहीं रही है, जिससे आने वाले कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। संवाद के दौरान यह भी सामने आया कि जिले के कई पेट्रोल पंपों में डीजल संकट के चलते ताले लगे हुए हैं, जिससे आम नागरिकों एवं परिवहन व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से आम जनता, किसान एवं मजदूर वर्ग बेहद परेशान है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष कुमार छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार ऐसी नीतियां लागू कर रही है, जिससे किसान और मजदूर वर्ग आर्थिक संकट एवं परेशानियों में घिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव किसानों, मजदूरों एवं आम जनता के साथ खड़ी रही है और बढ़ती महंगाई, डीजल संकट एवं खाद की कमी जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर हर स्तर पर लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सुशासन तिहार 2026 : सुशासन तिहार में युवाओं को मिली बड़ी सुविधा, शिविर में बनाए गए लर्निंग लाइसेंस

दंतेवाड़ा। मुख्यमंत्री की मंशानुसार आम नागरिकों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं का त्वरित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में आयोजित सुशासन तिहार 2026 लगातार लोगों के लिए राहत और सुविधा का माध्यम बनता जा रहा है। जनसमस्या निवारण शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित शिविर में परिवहन विभाग द्वारा ग्रामीण युवाओं को लर्निंग लाइसेंस बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत हितामेटा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में प्रकाश कश्यप, पाकुल राम भोगामी, लक्ष्मण



पटनायक, मनीराम पोडियाम सहित अन्य हितग्राहियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। लंबे समय से लाइसेंस बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी झेल रहे इन हितग्राहियों को शिविर स्थल पर ही त्वरित सुविधा मिलने से उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। हितग्राहियों ने बताया कि पहले परिवहन संबंधी कार्यों के लिए जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता था, जिससे समय और आर्थिक खर्च दोनों बढ़ते थे, लेकिन सुशासन तिहार के माध्यम से गांव के नजदीक ही यह सुविधा उपलब्ध होने से काफी सहूलियत मिली है।

शिविर में संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण की गई। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सेवाओं की सरल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

# अबूझमाड़ का धोबे गांव- जहां कभी बंदूकें गूंजती थीं, वहां अब नलों से बह रही विकास की धारा'

नारायणपुर। अबूझमाड़ का धोबे गांव- जहां कभी बंदूकें गूंजती थीं, वहां अब नलों से बह रही विकास की धारा'विकास की असली परीक्षा तब होती है जब वह समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचे। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला मुख्यालय से करीब 94 किलोमीटर दूर, घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसा अबूझमाड़ का धोबे गांव आज इसी बदलते भारत और बदलते छत्तीसगढ़ की एक जीती-जाती मिसाल बन चुका है। जो इलाका कभी सिर्फ नक्सली हलचलों और विकास से दूरी के लिए जाना जाता था, वहां जल जीवन मिशन ने उम्मीदों का एक नया सवेरा ला दिया है। अबूझमाड़ के इस सुदूर अंचल में पहली बार घर-घर शुद्ध पेयजल की सुविधा पहुंची है, जिसने ग्रामीणों की जिंदगी की पूरी तस्वीर ही बदल कर रख दी है। वर्षों तक धोबे गांव के ग्रामीणों के लिए सुबह की शुरुआत पानी के बड़े संघर्ष के साथ होती थी। अत्यंत दुर्गम क्षेत्र होने के कारण यहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा तो दूर, पीने का साफ पानी



मिलना भी एक बड़ी चुनौती थी। गांव के लोग पीने के पानी के लिए पूरी तरह से स्थानीय नदी, नालों और झरनों पर निर्भर थे। पहाड़ों से बहकर आने वाला यह पानी न सिर्फ दूषित होता था, बल्कि इसके उपयोग से ग्रामीण लगातार जलजनित बीमारियों की चपेट में रहते थे। विशेषकर महिलाओं और बच्चों का एक बड़ा समय सिर्फ पीने का पानी ढोने में ही बीत जाता था। ग्रामीणों की इस दशकों पुरानी और बेहद संवेदनशील समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन और जल जीवन मिशन की टीम ने इस चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में कदम रखा। विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों और सुरक्षा की चुनौतियों को पार करते हुए गांव में योजनाबद्ध तरीके से काम शुरू किया गया। बिजली की अनिश्चितता से निपटने के लिए गांव में 10-10 हजार लीटर क्षमता वाले दो सोलर आधारित जल टैंक स्थापित किए गए। ऊबड़-खाबड़ रास्तों और घने जंगलों के बीच लगभग 1375 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई। गांव के सभी 40 परिवारों को श्हर घर जलश् योजना के तहत नल कनेक्शन से जोड़ा गया। नारायणपुर की कलेक्टर ने इस सफलता पर कहा कि शासन की प्राथमिकता दूरस्थ और पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक हर हाल में मुलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के माध्यम से अबूझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पूरी पारदर्शिता से पहुँचे। धोबे गांव के हर घर के आंगन में लगे नल से जब स्वच्छ और शीतल जल बहता है, तो ग्रामीणों के चेहरे की खुशी देखते ही बनती है। अब न तो पानी के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है और न ही दूषित पानी के कारण बीमार होने का डर सताता है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने भावुक होकर कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे इस दूरदराज के गांव में भी कभी नल से साफ पानी आएगा। सरकार के इस प्रयास ने हमारी दैनिक जिंदगी को बहुत आसान बना दिया है। यह हमारे लिए सिर्फ पानी नहीं, बल्कि एक नया जीवन है। जल जीवन मिशन ने यहाँ सिर्फ पानी नहीं पहुँचाया है, बल्कि ग्रामीणों के मन में शासन और व्यवस्था के प्रति एक अटूट विश्वास भी पैदा किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईक्वालिटी कोयले की जगह भरते थे घटिया माल, पुलिस ने किया करोड़ों की हेराफेरी का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जिले के हिर्री थाना पुलिस ने कोयला हेराफेरी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोल डिपो मालिक, वाहन मालिक और तीन ट्रेलर चालकों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर उच्च गुणवत्ता वाले कोयले को रास्ते में गायब कर उसकी जगह कम गुणवत्ता वाला कोयला भरकर भारी आर्थिक लाभ कमाने का आरोप है। मामले का खुलासा तब हुआ जब आशीष केशरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि स्श्वष्टरुअमेरा विश्रामपुर क्षेत्र की खदान से जी-6 श्रेणी का उच्च गुणवत्ता वाला कोयला तीन ट्रेलरों में लोड कर गोपाल स्पंज एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड भेजा गया था। लेकिन प्लांट तक पहुंचने से पहले ही कोयले में हेराफेरी कर दी गई। जांच में सामने आया कि पेण्ड्रीडीह चौक के पास वाहन मालिक गंगा प्रसाद साहू और उसके साथियों ने ट्रेलरों को एक कोल डिपो में ले जाकर प्रत्येक वाहन से लगभग पांच-पांच टन उच्च गुणवत्ता वाला कोयला निकाल लिया। बाद में उसकी जगह 4700 जीसीवी का निम्न गुणवत्ता वाला कोयला भरकर ट्रकों को आगे रवाना कर दिया गया। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 123/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और कोयले के नमूनों को लैब जांच के लिए भेजा।

### जलते दीये से भड़की भीषण आग घर का पूरा सामान हुआ राख

**बिलासपुर।** जिले के सिविल लाइन थाना पुलिस क्षेत्र के 27 खोली इलाके में एक मकान में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार घर में रखे जलते दीये से आग लगी, जिसने कुछ ही देर में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के वक्त इलाके में अफ्रा-तफरी मच गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, घरेलू सामान और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक आग तेजी से फैल रही थी, जिससे आसपास के घरों में भी दहशत का माहौल बन गया था। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच में जुटे हुए हैं।

### रिश्वत मांगने वाला प्रधान आरक्षक निलंबित, वीडियो वायरल होने पर एसएसपी ने की कार्रवाई

**बिलासपुर।** रिश्वत मांगने के आरोप में सरकंडा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक शोभित केवर्त को निलंबित कर दिया गया है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस विभाग ने एसएसपी रजनेश सिंह ने कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, प्रधान आरक्षक पर एक प्रकरण में आरोपियों को छोड़ने के एवज में रिश्वत मांग रहा था। पीड़ित परिजन प्रधान आरक्षक को रिश्वत नहीं देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए बातचीत के दौरान अपने मोबाइल से इस पूरी काली करतूत का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और उसे इंटरनेट पर वायरल कर दिया। वीडियो के सामने आते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (स्स्क्क) रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफसख्त रुख अपनाया और आरोपी प्रधान आरक्षक शोभित कैवर्त्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। स्स्क्क ने स्पष्ट किया है कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### भीषण गर्मी के चलते नंदनवन और जंगल सफारी दो दिनों के लिए बंद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और नौतपा भी लग गया है। इसी को देखते हुए नवा रायपुर में स्थित नंदनवन जंगल सफारी को बंद करने का फैसला लिया गया है, जिसका आदेश में जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक, अत्यधिक गर्मी, तापमान में बढ़ोतरी और वन्य प्राणियों के स्वास्थ्य को देखते हुए नंदनवन जंगल सफारी को 28 और 29 मई तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यानी की पर्यटक दो दिनों तक जंगल सफारी की सैर और वन्य प्राणियों का दीदार नहीं कर पाएंगे। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) की ओर से जारी आदेशस में लिखा है कि विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में नंदनवन जंगल सफारी, नवा रायपुर में वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी एवं तापमान में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुये वन्यप्राणियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये।

# कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने एसईसीएल के कार्यों की समीक्षा की, माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से की भेंट......

■ एक दिवसीय दौरे के दौरान डिजिटल पोर्टल्स एवं अत्याधुनिक 5-पार्ट हेमेटोलॉजी एनालाइज़र यूनिट का किया उद्घाटन

**बिलासपुर।** भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने आज साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी के उत्पादन, परिचालन, आधारभूत संरचना विकास तथा भावी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। दौरे के दौरान माननीय मंत्री ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से भी सौजन्य भेंट की। बैठक के दौरान कोयला क्षेत्र के विकास, आधारभूत संरचना एवं लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी, ऊर्जा सुरक्षा तथा राज्य के औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राज्य एवं केंद्र सरकार के समन्वित प्रयासों के माध्यम से विकास परियोजनाओं को गति देने तथा कोयला क्षेत्रों में रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। माननीय मंत्री ने कोयला क्षेत्र के विकास हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरंतर प्रदान किए जा रहे सहयोग की सराहना की। एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में माननीय मंत्री ने कोयला उत्पादन एवं प्रेषण, गुणवत्ता प्रबंधन, सुरक्षा, डिजिटलीकरण, पर्यावरणीय पहल, कोयला गैसीकरण, माइन क्लोजर, सीएसआर गतिविधियों तथा भावी कार्ययोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-



प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन, निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोयला मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा एसईसीएल के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने सुरक्षित एवं सतत खनन को बढ़ावा देने, आधुनिक तकनीकों के अधिकतम उपयोग तथा परिचालन दक्षता में निरंतर सुधार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एसईसीएल देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने उत्पादन, गुणवत्ता, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एसईसीएल के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से कोयला क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरिश दुहान ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोल इंडिया द्वारा अब तक प्राप्त 100 मिलियन टन उत्पादन उपलब्धि में एसईसीएल का सर्वाधिक योगदान 26.86 मिलियन टन रहा है। उन्होंने मंत्रालय के मार्गदर्शन में राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु एसईसीएल की प्रतिबद्धता दोहराई। डिजिटल परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए माननीय मंत्री ने ई-डाडास (डिज़ाइन एंड ड्रॉइंग अप्रूवल इन एसईसीएल) पोर्टल तथा हॉस्पिटल मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल का शुभारंभ किया।

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का करें गुणवत्तापूर्ण निराकरण-कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज आयोजित समय-सीमा की बैठक में राज्य शासन द्वारा प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत संचालित जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में प्राप्त मांग, शिकायत एवं समस्याओं का अत्यंत सूक्ष्मता, गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ परीक्षण किया जाए तथा प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि राज्य स्तर पर भी शिविरों में प्राप्त आवेदनों की बारीकी से समीक्षा की जा रही है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अब तक कुल 13 जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं तथा सुशासन तिहार का तीसरा चरण वर्तमान में संचालित है। 26 मई मंगलवार को विकासखंड पुसौर के बड़ेभंडार स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें 23 गांवों को शामिल किया गया है। बैठक में कलेक्टर ने राज्य शासन, विभिन्न विभागीय संचालनालयों एवं विभागों से प्राप्त निर्देशों तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन समिति की बैठक समय पर आयोजित नहीं होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और आगामी 3 जून तक प्रबंधकारिणी समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित कराने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने पहुंच मार्ग की मरम्मत कराने तथा शाम और देर रात तक नियमित पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत पदाधिकारियों एवं पूर्व पदाधिकारियों द्वारा वित्तीय अनियमितताओं के कारण लंबित वसूली प्रकरणों की जनपदवार समीक्षा करते हुए नियमानुसार सख्ती से ऋण वसूली की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर भी जोर दिया। बैठक में आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले के सभी निजी अस्पतालों में भर्ती पात्र मरीजों को आयुष्मान कार्ड का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

## गर्मी में मुख्यमंत्री गांव-गांव घूमकर जनसमस्याओं के ले रहे जानकारी

**कोरबा।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा के सर्वमंगलानगर जोनांतर्गत विकास नगर में आयोजित सुशासन तिहार शिविर को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, मुख्यमंत्री साय स्वयं गांव-गांव, गली-गली घूमकर जनसमस्याओं से रूबरू हो रहे हैं, उनका निराकरण करा रहे हैं तथा प्रदेश में सम्पूर्ण सुशासन की सरकार की संकल्पना को साकार कर रहे हैं। यहाँ उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ कोरबा जिले एवं नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार मनाया जा रहा है तथा इसके अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। कोरबा निगम क्षेत्र में पहला शिविर विगत 07 मई को कोरबा जोन कार्यालय में, दूसरा शिविर 11 मई को टी.पी.नगर जोन कार्यालय में, तीसरा शिविर 13 माई को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय, चैथा शिविर 15 मई को पं.रविशंकर नगर जोन कार्यालय, पांचवां शिविर 20 मई को बालको जोन कार्यालय तथा छठवां शिविर में दर्री जोन कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ था, वहीं इस कड़ी में सोमवार को निगम का सातवां व अंतिम सुशासन तिहार शिविर सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत विकास नगर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने शिविर में उपस्थिति प्रदान करते हुये महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय तथा पार्षदों व जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर में लगाये गये जिले के विभिन्न विभागों व नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महापौर, सभापति व आयुक्त के साथ ही वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भानुमति जायसवाल, रामाधार पटेल, आरती सिंह, प्रेमप्रकाश साहू, बहत्तर सिंह कंवर, मुकुंद सिंह कंवर, रामकुमार साहू, मनीष मिश्रा आदि जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर दिये गये अपने उद्बोधन में उद्योग मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 11 वर्षो के अपने कार्यकाल में देश का सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ाया है।

## नाबालिग को भगाकर ले गया राजस्थान का आरोपी,पुलिस ने अनूपपुर से किया गिरफ्तार

**कोरिया।** साल की नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर राज्य से बाहर ले जाने वाले आरोपी का खेल आखिरकार कोरिया पुलिस ने खत्म कर दिया। अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और थाना पटना पुलिस ने बिना समय गंवाए ऐसा ऑपरेशन शुरू किया जिसने कुछ ही घंटों में नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया। मामले में आरोपी मनीष सिंह पिता शैलेश सिंह निवासी राजस्थान ने थाना पटना क्षेत्र की 13 वर्षीय नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसे अपने साथ भगा ले गया था। घटना सामने आते ही पुलिस ने तत्काल टीम गठित की, तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए, लगातार पतासाजी की गई और मोबाइल लोकेशन समेत अन्य इनपुट के आधार पर आरोपी की तलाश तेज कर दी गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के दौरान टीम अनूपपुर क्षेत्र तक पहुंची, जहां से नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया गया और आरोपी मनीष सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई के बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बैकुण्ठपुर में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि महिला और बाल सुरक्षा मामलों में कोरिया पुलिस किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने के मूड में नहीं है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, महिला सुरक्षा या बच्चों से जुड़े मामलों की सूचना तुरंत नजदीकी थाना

## ग्रीष्मकालीन यात्रा में यात्रियों की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विशेष पहल.......!

■ विभिन्न रूटों पर संचालित अनेक स्पेशल ट्रेनों में उपलब्ध हैं पर्याप्त सीटें एवं कन्फर्म बर्थ, यात्री अवश्य लाभ उठाएँ

**बिलासपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं बढ़ती यात्री मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अलग-अलग जगहों के लिए विभिन्न टीओडी (ट्रेन ऑन डिमांड) स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में वर्तमान में पर्याप्त संख्या में सीटें एवं बर्थ उपलब्ध हैं, जिससे यात्रियों को कन्फर्म टिकट के साथ सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा का बेहतर अवसर मिल रहा है। इन ट्रेनों के लिए आज दिनांक 27 मई 2026 को जारी ऑक्यूपेंसी रिपोर्ट के अनुसार गाड़ी संख्या 08201 बिलासपुरङ्कपोत्तनूर स्पेशल में 28 मई 2026 की यात्रा हेतु स्लीपर श्रेणी में लगभग 845 बर्थ की उपलब्धता हैं। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08707 दुर्गङ्कएर्नाकुलम स्पेशल में 30 मई 2026 की यात्रा हेतु स्लीपर श्रेणी में लगभग 1256 बर्थ उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 08811 गोंदियाङ्कआगरा कैंट स्पेशल में 28 मई 2026 की यात्रा हेतु वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (2एसी) में लगभग 40 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (3एसी) में लगभग 44 बर्थ तथा स्लीपर श्रेणी में लगभग 414 बर्थ अभी उपलब्ध हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इन स्पेशल ट्रेनों में उपलब्ध बर्थों का लाभ उठाकर अपनी यात्रा को अधिक सुविधाजनक एवं आरामदायक बनाएं। इन ट्रेनों के टिकटों की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप के साथ-साथ सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों (पीआरएस काउंटरों) पर उपलब्ध है। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग, बुकिंग की स्थिति एवं यात्रा आवश्यकताओं के आधार पर विशेष ट्रेनों के संचालन की सतत समीक्षा की जा रही है, ताकि यात्रियों को बेहतर एवं सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सुरक्षित, समयबद्ध एवं आरामदायक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।




# कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने एसईसीएल के कार्यों की समीक्षा बैठक की......

एक-दिवसीय दौरे के दौरान आधारभूत संरचना एवं अस्पताल प्रबंधन से जुड़े डिजिटल पोर्टलों का किया शुभारंभ, अत्याधुनिक 5-पार्ट हेमेटोलॉजी एनालाइज़र यूनिट का किया लोकार्पण

**बिलासपुर।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री सतीश चन्द्र दुबे ने आज एसईसीएल के एक दिवसीय दौरे के दौरान कंपनी के कार्यों एवं उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल परिवर्तन एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ एवं लोकार्पण भी किया। एसईसीएल मुख्यालय पहुँचने पर सर्वप्रथम माननीय मंत्री ने एसईसीएल मुख्यालय परिसर स्थित कोयला श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण कर कोयला श्रमिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राष्ट्र निर्माण एवं देश की ऊर्जा सुरक्षा में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया। इसके पश्चात एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय मंत्री ने कोयला उत्पादन, डिस्पैच, गुणवत्ता प्रबंधन, सुरक्षा, कोल गैसीफिकेशन, माइन क्लोजर, पर्यावरणीय पहलों, डिजिटलीकरण, सीएसआर गतिविधियों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन, निदेशकगण,



सीवीओ, विभागाध्यक्ष, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। मंत्री ने सुरक्षित एवं सतत खनन को बढ़ावा देने, परिचालन दक्षता में वृद्धि तथा आधुनिक तकनीकों के अधिकाधिक उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि एसईसीएल देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा उत्पादन, गुणवत्ता, सुरक्षा एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के क्षेत्रों में कंपनी द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सीएसआर के माध्यम से कोयलांचल के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक कोल इंडिया द्वारा अब तक किए गए 100 मिलियन टन उत्पादन में एसईसीएल ने 26.86 मिलियन टन के सर्वाधिक योगदान के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एसईसीएल निरंतर प्रतिबद्ध है। डिजिटल परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल- समीक्षा बैठक के दौरान माननीय मंत्री द्वारा ई-डाडास (डिज़ाइन एंड ड्राविंग्स एप्रूवल इन एसईसीएल) पोर्टल एवं हॉस्पिटल मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम पोर्टल का शुभारंभ किया गया। यह पहल एसईसीएल में डिजिटल परिवर्तन, कार्यकुशलता एवं पारदर्शिता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। ई-

## कोरिया पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन,चोरी की बाइक बरामद कर दो शातिर चोर गिरफ्तार

**कोरिया।** घर के बाहर खड़ी मोटरसायकल चंद घंटों में गायब हुई और इलाके में सनसनी फैल गई, लेकिन कोरिया पुलिस ने ऐसा जाल बिछाया कि बाइक चुराने वाले दोनों आरोपी ज्यादा देर तक बच नहीं सके। थाना पटना क्षेत्र के ग्राम तेंगनी निवासी विनोद सिंह पिता श्रीराम प्रसाद सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनकी मोटरसायकल पार कर ले गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पटना पुलिस ने अपराध क्रमांक 145/2026 के तहत धारा 331, 303(2), 54 भारतीय न्याय संहिता 2023 में मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने संदेहियों की तलाश तेज की, लगातार पतासाजी की गई, मुखबिरों को सक्रिय किया गया और तकनीकी तरीके से संदिग्धों तक पहुंच बनाई गई। जांच के दौरान पुलिस ने मुकेश साहू पिता सुरेश साहू निवासी गिरजापुर और अक्षय कुमार पिता रामा निवासी ग्राम गुंगरा थाना सूरजपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मोटरसायकल भी बरामद कर ली। कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बैकुण्ठपुर में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया।

# हिंदू धर्म में गुरु प्रदोष व्रत का विशेष महत्व

हिंदू धर्म में गुरु प्रदोष व्रत का विशेष महत्व होता है। गुरुवार दिन जब प्रदोष व्रत आता है तो इस गुरु प्रदोष व्रत कहा जाता है। गुरु प्रदोष व्रत में भगवान शिव की पूजा करने से विशेष रूप से संतान, सुख, विवाह, करियर और आर्थिक तरक्की के लिए बहुत ही शुभ और लाभकारी माना जाता है। भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में करने का विधान होता है, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि प्रदोष काल में भगवान शिव कैलाश पर्वत पर सबसे ज्यादा प्रसन्न मुद्रा में रहते हैं ऐसे में इस समय उनकी पूजा करने से भक्तों की सभी तरह की मनोकामनाएं जल्द से जल्द पूरी हो जाती है।

अधिकमास में पड़ने वाले प्रदोष व्रत को करने से ग्रह दोषों से मुक्ति मिलती है और मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ अधिक मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि गुरुवार को पड़ रही है। इसलिए इस व्रत का नाम गुरु प्रदोष व्रत होगा। खास बात यह है कि अधिक मास का प्रदोष व्रत साधारण व्रत नहीं होता है, क्योंकि यह मौका तीन साल के बाद आता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करने से जीवन के दुख, दरिद्रता और बाधाएं दूर होती हैं। साथ ही गुरु ग्रह से जुड़े दोषों में भी राहत मिलती है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



अधिक मास गुरु प्रदोष व्रत की तारीख और मुहूर्त

शास्त्रों के अनुसार, प्रदोष व्रत की पूजा प्रदोष काल में की जाती है, इसलिए यह व्रत 28 मई 2026, गुरुवार को रखा जाएगा।

त्रयोदशी तिथि प्रारंभ : 28 मई 2026 को सुबह 07:56 बजे

त्रयोदशी तिथि समाप्त : 29 मई 2026 को सुबह 09:50 बजे

प्रदोष पूजा का शुभ मुहूर्त : शाम 07:12 PM से रात 09:15 PM तक

कुल अवधि : 2 घंटे 02 मिनट

### अधिक मास गुरु प्रदोष का धार्मिक महत्व

गुरु और शिव की दोहरी कृपा : गुरुवार का दिन देवताओं के गुरु बृहस्पति (बृहस्पति देव) को समर्पित है और प्रदोष व्रत भगवान शिव को। इस दिन व्रत रखने से शिक्षा, ज्ञान, उच्च पद और वैवाहिक सुख में आ रही बाधाएं दूर होती हैं।

ग्रह दोषों से मुक्ति : ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, अधिक मास के गुरु प्रदोष पर शिव जी की पूजा करने से कुंडली के चंद्र दोष, शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या का नकारात्मक प्रभाव शांत होता है, क्योंकि भगवान शिव को शनि देव का गुरु माना गया है।

पितरों का आशीर्वाद : इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की संयुक्त पूजा करने से वैवाहिक जीवन मधुर होता है और पितरों की आत्मा को शांति मिलती है।

### गुरु प्रदोष व्रत पूजा विधि

सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करें और पीले या सफेद रंग के साफ वस्त्र धारण करें। हाथ में जल और अक्षत लेकर व्रत का संकल्प लें। दिनभर फलाहार रहें या निराहार रहकर मन ही मन शिव मंत्रों (ॐ नमः शिवाय) का जाप करें। शाम को प्रदोष मुहूर्त में दोबारा स्नान या हाथ-पैर धोकर स्वच्छ हो जाएं। शिवलिंग पर पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, शक्कर) और गंगाजल से अभिषेक करें। भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा, भस्म, सफेद चंदन, अक्षत (साबुत चावल), और पीले या नीले फूल अर्पित करें। घी का दीपक जलाकर गुरु प्रदोष व्रत कथा का पाठ करें या सुनें। अंत में शिव जी की आरती करें और भोग लगाकर सभी में प्रसाद बांटें।

### गुरु प्रदोष व्रत का धार्मिक महत्व

*धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माना जाता है कि प्रदोष काल में भगवान शिव कैलाश पर्वत पर प्रसन्न मुद्रा में तांडव करते हैं और उस समय उनकी पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अधिक मास में यह व्रत करने से पिछले कर्मों के दोष शांत होते हैं और व्यक्ति को मानसिक शांति तथा आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।*

# घड़ी की टिक-टिक में छिपा है सफलता का संकेत

वास्तु और फेंगशुई में घर में रखी हर वस्तु का विशेष महत्व माना जाता है, जिसमें दीवार पर लगी घड़ी भी शामिल है। मान्यता है कि घड़ी केवल समय बताने का साधन नहीं होती, बल्कि यह घर की ऊर्जा और तरक्की से भी जुड़ी होती है। वास्तु के अनुसार घड़ी की चलती सुइयां और पेंडुलम सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इससे घर में सुख-समृद्धि और उन्नति बनी रहती है। वहीं बंद या गलत समय दिखाने वाली घड़ी को शुभ नहीं माना जाता, क्योंकि इससे जीवन की प्रगति रुकने लगती है और नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकते हैं। वहीं पीछे चलने वाली घड़ी भी शुभ नहीं मानी जाती, क्योंकि यह जीवन में रुकावट और देरी का प्रतीक बन सकती है।



## घड़ी लगाने की सही दिशा

फेंगशुई और वास्तु शास्त्र के अनुसार घड़ी को दक्षिण दिशा की दीवार पर लगाने से बचना चाहिए। इस दिशा को नकारात्मक ऊर्जा से जुड़ा माना जाता है। घड़ी के लिए उत्तर, पूर्व और पश्चिम दिशा को शुभ माना गया है, क्योंकि ये दिशाएं सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। ड्राइंग रूम या बेडरूम में घड़ी ऐसी जगह लगानी चाहिए, जहां कमरे में प्रवेश करते ही उस पर नजर पड़ सके।

## मुख्य द्वार के सामने न लगाएं घड़ी

वास्तु के अनुसार घड़ी को कभी भी मुख्य दरवाजे के ठीक सामने या उसके ऊपर नहीं लगाना चाहिए। मान्यता है कि इससे घर की सकारात्मक ऊर्जा प्रभावित होती है और तनाव बढ़ सकता है। साथ ही घड़ी को हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए, क्योंकि धूल-मिट्टी जमा होने से नकारात्मकता बढ़ने की संभावना मानी जाती है।

## तकिये के नीचे घड़ी रखना क्यों अशुभ

कुछ लोग सोते समय घड़ी को तकिये के नीचे रख लेते हैं, लेकिन वास्तु और वैज्ञानिक दृष्टि से इसे सही नहीं माना गया है। घड़ी की टिक-टिक नींद में बाधा डाल सकती है और बैटरी से चलने वाली घड़ियों से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें मानसिक शांति को प्रभावित कर सकती हैं।

**फेंगशुई में घड़ी के आकार का भी विशेष महत्व बताया गया है। गोल, अंडाकार, अष्टभुजाकार और षट्भुजाकार घड़ियों को शुभ माना जाता है। इसके अलावा मधुर संगीत वाली दीवार घड़ी को घर के मुख्य हॉल में लगाना सकारात्मक ऊर्जा और खुशहाली बढ़ाने वाला माना जाता है।**

# गर्मियों में मेकअप कैसे करें



नौतपा की तेज गर्मी और उमस सिर्फ शरीर ही नहीं, आपके मेकअप की भी परीक्षा लेती है। घर से निकलते वक्त किया गया परफेक्ट मेकअप कुछ ही देर में पसीने, ऑयली स्किन और धूप की वजह से पैची, केकी और फीका दिखने लगता है। खासकर दफ्तर जाने वाली महिलाओं, कॉलेज गर्ल्स और शादी-पार्टी में तैयार होने वाली महिलाओं के लिए यह सबसे बड़ी परेशानी बन जाती है। ऐसे मौसम में हैवी फाउंडेशन, क्रीमी प्रोडक्ट्स और गलत स्किनकेयर मेकअप को जल्दी पिघला देते हैं। लेकिन अगर आप सही पसीना मुक्त मेकअप अपनाएं, तो नौतपा की झुलसा देने वाली गर्मी में भी आपका मेकअप घंटों तक फ्रेश और ग्लोइंग बना रह सकता है।

*गर्मियों में हल्के, मैट और लॉन्ग-लास्टिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही स्किन को हाइड्रेट रखना, प्राइमर लगाना और सेटिंग स्प्रे का सही इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। इसमें हम आपको बताएंगे ऐसे आसान और असरदार ब्यूटी हैक्स, जिन्हें अपनाकर आप पसीने में भी अपना मेकअप खराब होने से बचा सकती हैं।*

## स्किन को करें सही तरीके से तैयार

मेकअप लगाने से पहले चेहरे को अच्छी तरह क्लीन करें। ऑयल-फ्री मॉइस्चराइजर लगाएं ताकि स्किन हाइड्रेट रहे। आइस क्यूब से फेस मसाज करने पर पसीना कम आता है। सनस्क्रीन जरूर लगाएं, लेकिन हल्का और नॉन ग्रीसी चुनें।

## प्राइमर है गर्मियों का सबसे बड़ा हथियार

पसीना मुक्त मेकअप के लिए मैट प्राइमर जरूर लगाएं। यह चेहरे के पोर्स को ब्लर करता है और ऑयल कंट्रोल करता है। खासकर टी जोन एरिया पर प्राइमर लगाने से मेकअप ज्यादा देर टिकता है। सिलिकॉन-बेस्ड प्राइमर गर्मियों में बेहतर रिजल्ट देते हैं।

## हैवी फाउंडेशन छोड़ें, अपनाएं हल्का मेकअप

गर्मियों में हैवी फाउंडेशन जल्दी पिघलता है। बीबी क्रीम, स्किन टिंट या लाइटवेट मैट फाउंडेशन चुनें। मेकअप को ब्यूटी ब्लेंडर से डैब करके लगाएं। ज्यादा लेयरिंग करने से फेस केकी दिख सकता है।

# आज का राशिफल



**मेष राशि** - आपके लिए साझेदारी और मधुर संबंधों की सौगात लेकर आएगा, क्योंकि आपकी राशि के सप्तम भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं।, जिससे करियर में नई शुरुआत और चुनौतियों का सामना करना आसान होगा। बिजनेस में पार्टनरशिप लाभदायक रहेगी और आर्थिक लाभ के प्रबल अवसर मिलेंगे। लव लाइफ में रोमांस बढ़ेगा और जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा। कल आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, जिससे आप मानसिक शांति का अनुभव करेंगे।

**वृषभ राशि** - आपके लिए मेहनत और अनुशासन के माध्यम से विजय प्राप्ति का है, क्योंकि आपकी राशि के छठे भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। आपकी राशि में सूर्य और बुध की उपस्थिति करियर में आपकी प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई प्रदान करेगी। बिजनेस में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन आप अपनी चतुराई से शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, हालांकि निवेश के लिए योजनाबद्ध तरीका अपनाना हितकर होगा।

**मिथुन राशि** - संतान सुख में वृद्धि का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि के पंचम भाव में चंद्रमा विराजमान हैं। आपकी राशि में गुरु और शुक्र की उपस्थिति करियर में पदोन्नति और तरक्की के सुनहरे अवसर प्रदान करेगी। बिजनेस में नवाचार से लाभ होगा और आर्थिक लाभ के नए मार्ग खुलेंगे। प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलेगी और रिश्तों में आकर्षण बढ़ेगा। विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता के प्रबल योग हैं।

**कर्क राशि** - आपके लिए सुख-सुविधाओं और पारिवारिक मजबूती का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि के चतुर्थ भाव में चंद्रमा संचरण कर रहे हैं। करियर के क्षेत्र में स्थिरता आएगी और कार्यस्थल पर सुखद माहौल रहेगा। बिजनेस में जमीन-जायदाद या वाहन से संबंधित कार्यों में बड़े लाभ के योग हैं। लव लाइफ में पार्टनर के साथ भावनात्मक गहराई बढ़ेगी।

**सिंह राशि** - आपके लिए पराक्रम और संवाद कौशल में सफलता लेकर आएगा, क्योंकि आपकी राशि के तृतीय भाव में चंद्रमा विराजमान है। करियर में आपकी नई योजनाएं सफल होंगी और पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। बिजनेस में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद आपकी बुद्धिमानी आपको सफलता दिलाएगी। आर्थिक लाभ के नए मार्ग खुलेंगे और छोटे निवेश लाभदायक रहेंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी और पार्टनर के साथ छोटी दूरी की सुखद यात्रा हो सकती है।

**कन्या राशि** - आपके लिए धन संचय और वाणी के प्रभाव का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि के द्वितीय भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। करियर में आपकी तार्किक क्षमता और व्यावहारिक व्यवहार आपको बड़ी सफलता दिलाएंगे। व्यापार में धन लाभ के प्रबल अवसर हैं, जिससे आपकी आय में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। निवेश के लिए समय बहुत लाभकारी है।

**तुला राशि**- आपके लिए नई ऊर्जा और मानसिक स्पष्टता का होगा, क्योंकि आपकी राशि के प्रथम भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। चंद्रमा का आपकी राशि में होना व्यक्तित्व में आकर्षण पैदा करेगा। करियर में आपकी एकाग्रता और मेहनत आपको बड़ी सफलता दिलाएगी। बिजनेस में विस्तार के अवसर मिलेंगे और आर्थिक लाभ संतोषजनक रहेगा। लव लाइफ में पार्टनर के साथ रोमांस बढ़ेगा और आपसी समझ गहरी होगी।

**वृश्चिक राशि** - आपके लिए सावधानी और बजट प्रबंधन का है, क्योंकि आपकी राशि के द्वादश भाव में चंद्रमा स्थित हैं। करियर के सिलसिले में अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है, जो थोड़ी थकान भरी होगी। बिजनेस में जोखिम भरे निवेश और अनावश्यक खर्चों से बचें, अन्यथा आर्थिक हानि हो सकती है। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा के कारण मानसिक तनाव संभव है। लव लाइफ में पार्टनर के साथ गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है, इसलिए धैर्य और संयम से काम लें।

**धनु राशि**- आपके लिए लाभ और उपलब्धियों की सौगात लेकर आएगा, क्योंकि आपकी राशि के एकादश भाव में चंद्रमा विराजमान है। करियर में तरक्की के प्रबल संकेत हैं और आपकी मेहनत का फल पदोन्नति के रूप में मिल सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध होंगे जो भविष्य में बड़े लाभ दिलाएंगे। पुराने निवेशों से आर्थिक लाभ होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर राशि** - आपके लिए करियर की ऊंचाइयों और कार्यस्थल पर वर्चस्व का होगा, क्योंकि आपकी राशि के दशम भाव में चंद्रमा संचरण कर रहे हैं। नौकरी में आपके काम की गुणवत्ता आपको पदोन्नति और सम्मान दिला सकती है। बिजनेस में स्थिरता आएगी और व्यापार विस्तार के नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और आय के नए मार्ग खुलेंगे।

**कुंभ राशि**- आपके लिए भाग्य की चमक और लंबी यात्राओं का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि के नवम भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। करियर में भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे नई शुरुआत और सफलता के अवसर मिलेंगे। बिजनेस में किया गया निवेश सफल रहेगा और आर्थिक लाभ सुनिश्चित होगा। प्रेम संबंधों में गहराई आएगी और पार्टनर के साथ किसी धार्मिक या लंबी यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन राशि**- आपके लिए थोड़ा संभलकर चलने और धैर्य बनाए रखने का है, क्योंकि आपकी राशि के अष्टम भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। शनि आपकी राशि में होने से जिम्मेदारी बढ़ाएंगे। करियर में अचानक आई चुनौतियां आपको मानसिक तनाव दे सकती हैं। बिजनेस में उधारी के लेनदेन से बचें, अन्यथा आर्थिक हानि का जोखिम रहेगा। रिश्तों में पारदर्शिता बनाए रखें, पार्टनर के साथ विवाद की स्थिति बन सकती है।

# बच्चों को जिंदगीभर याद रहती हैं ये आदतें

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा बड़ा होकर सफल भी बने और एक अच्छा इंसान भी। इसके लिए वे अच्छी पढ़ाई, बेहतर सुविधाएं और हर जरूरी चीज देने की कोशिश करते हैं। लेकिन बच्चों की परवरिश सिर्फ महंगे स्कूल, खिलौने या गिफ्ट्स तक सीमित नहीं होती। असल असर उन छोटी-छोटी बातों का होता है, जो रोजमर्रा की जिंदगी में बच्चे अपने माता-पिता से देखते और महसूस करते हैं। कई बार एक प्यार भरी बात, मुश्किल समय में मिला साथ या परिवार के साथ बिताया गया छोटा सा पल बच्चों के दिल में हमेशा के लिए बस जाता है।

यही अनुभव आगे चलकर उनकी सोच, आत्मविश्वास और व्यवहार का हिस्सा बनते हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि बचपन का माहौल बच्चों की इमोशनल ग्रोथ पर गहरा प्रभाव डालता है। ऐसे में कुछ आदतें ऐसी होती हैं, जिन्हें बच्चे कभी नहीं भूलते और वही उनकी पर्सनालिटी की नींव बन जाती हैं।



## बच्चों की बातें ध्यान से सुनना उन्हें देता है आत्मविश्वास

अक्सर देखा जाता है कि बच्चे अपनी छोटी-छोटी बातें बड़े उत्साह से माता-पिता को बताना चाहते हैं। कभी स्कूल की कहानी, कभी दोस्तों की बातें या फिर कोई छोटी उपलब्धि। लेकिन बिजी लाइफस्टाइल के कारण कई बार पैरेंट्स उनकी बातों को गंभीरता से नहीं सुन पाते। धीरे-धीरे बच्चे खुद को अनदेखा महसूस करने लगते हैं। वहीं जिन घरों में माता-पिता बच्चों की बातें ध्यान से सुनते हैं, वहां बच्चे खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त करना सीखते हैं। वे ज्यादा कॉन्फिडेंट बनते हैं और दूसरों के सामने अपनी बात रखने से डरते नहीं हैं। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि बच्चों को सुना जाना उनके मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। यही आदत उन्हें जिंदगीभर याद रहती है कि उनके माता-पिता ने उनकी भावनाओं को महत्व दिया था।

## प्यार जताने की आदत बच्चों को बनाती है इमोशनली मजबूत

कई माता-पिता अपने बच्चों से बहुत प्यार करते हैं, लेकिन उसे खुलकर जाहिर नहीं कर पाते। जबकि बच्चों के लिए सिर्फ प्यार होना काफी नहीं, बल्कि उसे महसूस करना भी जरूरी होता है। जब माता-पिता बच्चे को गले लगाते हैं, उसकी तारीफ करते हैं या प्यार से बात करते हैं, तो बच्चे के भीतर सुरक्षा और अपनापन महसूस होता है।

## गलती पर डांटने के बजाय समझाना छोड़ता है अच्छा असर

बच्चों से गलतियां होना बिल्कुल सामान्य बात है। कभी पढ़ाई में गलती, कभी किसी चीज को तोड़ देना या शरारत कर देना। कई घरों में छोटी-छोटी बातों पर बच्चों को डांट दिया जाता है, जिससे वे डरने लगते हैं और अपनी बातें छिपाने लगते हैं। लेकिन कुछ माता-पिता ऐसे भी होते हैं जो गुस्सा करने के बजाय बच्चों को प्यार से समझाते हैं। वे गलती सुधारने का मौका देते हैं। यही तरीका बच्चों के मन में सम्मान पैदा करता है। बच्चे यह महसूस करते हैं कि मुश्किल समय में भी उनके माता-पिता ने उनका साथ छोड़ा नहीं। रियल लाइफ में कई उदाहरण देखने को मिलते हैं, जहां समझदारी से संभाले गए बच्चे आगे चलकर ज्यादा जिम्मेदार और मानसिक रूप से मजबूत बने। इसलिए पैरेंटिंग में धैर्य रखना बेहद जरूरी माना जाता है।

# रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम से सफल सर्जरी

*रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम का उपयोग करते हुए पित्ताशय हटाने (रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टॉमी) के लिए ठाणे की शुरुआती रोबोटिक टेली-सर्जरी में से एक सफलतापूर्वक संपन्न की है। यह रोबोटिक प्रक्रिया 10 मिलीसेकंड से कम की अल्ट्रा-लो लेटेंसी वाले सुरक्षित 5G-सक्षम नेटवर्क के माध्यम से की गई, जिससे स्थानों के बीच रियल-टाइम में सर्जिकल सटीकता और नियंत्रण निर्बाध रूप से संभव हुआ।*

यह सर्जरी डॉ. प्रदीप त्रिपाठी ने वापी, गुजरात से दूरस्थ रूप से की, जबकि मरीज की सर्जरी टीटेन मेडिसिटी हॉस्पिटल, ठाणे मे हुई। डॉ. उमंग शांडिल्य, बहुविषयक रोबोटिक सर्जरी टीम के साथ, पूरी प्रक्रिया के दौरान बेडसाइड पर मौजूद रहे ताकि निर्बाध समन्वय और मरीज की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। तीव्र कोलेसिस्टाइटिस, लक्षणयुक्त पित्ताशय की पथरी और गंभीर पेट दर्द से पीड़ित मरीज ने टीटेन मेडिसिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध उन्नत रोबोटिक सर्जिकल क्षमताओं के बारे में जानने के बाद रोबोटिक सर्जरी का विकल्प चुना। मरीज Mizzo Endo 4000 प्लेटफॉर्म का उपयोग कर यह प्रक्रिया करवाने के लिए डोंबिवली से ठाणे पहुँचे।इस उपलब्धि पर बोलते हुए, टीटेन मेडिसिटी हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट – जीआई, लैप्रोस्कोपिक, रोबोटिक एवं बैरियाट्रिक सर्जन डॉ. प्रदीप त्रिपाठी ने कहा:"यह सफल टेली-सर्जरी दर्शाती है कि हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के साथ संयुक्त रोबोटिक तकनीक सर्जिकल केयर डिलीवरी को कैसे नए सिरे से परिभाषित कर सकती है। इतनी सटीकता के साथ जटिल रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टॉमी को दूरस्थ रूप से करने की क्षमता भारत में मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के भविष्य को दर्शाती है।



# प्रोटीन शैंपू में प्राकृतिक गुणों का खजाना

भारत की अग्रणी एफ.एम.सी.जी कंपनियों में से एक, मैरिको लिमिटेड ने आज पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू लॉन्च किया, जिससे हेयर केयर के सेगमेंट में ब्रांड की पहुँच मजबूत हुई है। इस नए प्रोडक्ट के साथ कंपनी ने हेयर क्लींजिंग श्रेणी में प्रवेश कर लिया है। यह नई प्रोटीन शैंपू रेंज हेयरकेयर में ब्रांड की स्थिति को और अधिक मजबूत करते हुए कोकोनट मिल्क और प्राकृतिक तत्वों के गुण प्रदान करती है।




मैरिको लिमिटेड के सी.ई.ओ – इंडिया कोर बिजनेस, आशीष गोपाल ने कहा, ''मैरिको द्वारा यह लॉन्च पिछले कुछ सालों में कैटेगरी का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। यह प्रोडक्ट पैराशूट एडवांस्ड कोकोनट के गुणों को हेयर-क्लींजिंग फॉर्मेट में लेकर आया है। शैंपू के क्षेत्र में पैराशूट एडवांस्ड का विस्तार एक रणनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य प्रकृति पर केंद्रित समाधानों की ओर ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। यह लॉन्च एक उद्देश्यपूर्ण और कोकोनट पर आधारित इनोवेशन के प्रति मैरिको की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे भारत के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते हुए पर्सनल केयर सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी, जो हर साल 9 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। हेयर क्लींजिंग में पैराशूट एडवांस्ड के प्रवेश ने कंपनी को विकास का एक बड़ा अवसर प्रदान किया है। साथ ही, ब्रांड का विस्तार हेयर-केयर की पूरी दिनचर्या में किया है। हमें बाजार में और ग्राहकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। हमें विश्वास है कि इस प्रोडक्ट में विकास की दीर्घकालिक क्षमता है।'विक्रम करवाल, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर – इंडिया, मैरिको लिमिटेड ने कहा, ''पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स के मामले में ग्राहक अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिष्ठित ब्रांड्स पर ही भरोसा करते हैं। नई पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू रेंज बालों में प्रोटीन के नुकसान को रोकने के विशेष प्रस्ताव पर आधारित है। इस प्रोडक्ट के साथ ब्रांड ने अत्यधिक क्षमता वाले डैमेज रिपेयर सेगमेंट में प्रवेश किया है। इसके मुख्य वैरिएंट में एलोवेरा के साथ कोकोनट मिल्क है। बाकी रेंज में रोज़मैरी, आमला, शिकाकाई, एल्मंड जैसे अन्य प्राकृतिक तत्व हैं। इनमें से हर शैंपू ग्राहकों को हेयर फॉल कंट्रोल, हेयर शाईन जैसे अनेक फायदे प्रदान करता है। ब्रांड की मजबूत स्थिति और गहरी पहुँच के साथ पैराशूट एडवांस्ड एक नए फॉर्मेट में विश्वसनीय और किफायती समाधान पेश करता है। इस पोर्टफोलियो में आठ वैरिएंट पेश किए गए हैं, जो अलग-अलग पैक साईज़ में उपलब्ध हैं।

एंट्री लेवल का सैशे केवल 1 रु. में उपलब्ध है, ताकि बड़ी संख्या में लोग एक बार इसका उपयोग करके देख सकें। इससे ब्रांड के तेज विस्तार में मदद मिलेगी। इसके अन्य पैक साईज़ 80 मिली, 170 मिली, 340 मिली, 650 मिली, 1 ली और 1.2 ली हैं, जो जनरल ट्रेड, मॉडर्न ट्रेड और ई-कॉमर्स स्टोर पर उपलब्ध हैं।

# साध्वियों के हादसे से मौत पर जैन समाज आक्रोशित, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

## मप्र के रीवा में हुई घटना के बाद समाज के लोगों ने सुरक्षा की मांग




**राजनांदगांव।** जैन समाज ने सोमवार को शहर में मोटरसाइकिल रैली निकालकर भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। दिगंबर जैन पंचायत के सचिव सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 20 मई को मध्य प्रदेश के रीवा शहर में दिगंबर जैन पंथ की आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित दो साध्वी जिनकी संयम तप की दीक्षा को 20 वर्ष हो चुके थे।

ऐसी अहिंसक निधि को सड़क हादसे में हमने खो दिया। उन्होंने बताया कि दोनों त्याग मूर्ती साध्वी की विनयांजलि सभा राजनांदगांव में विराजमान पूज्य मुनिश्री नीरज सागर महाराज एवं पूज्य मुनिश्री निर्मद सागर महाराज के सानिध्य में 24 मई को प्रातः 8.30बजे आयोजित कर शासन को ज्ञापन देने की बात तय की गई। तथ्यों के अनुसार वीडियो फुटेज में जिस तरह वाहन चालक द्वारा सड़क के किनारे सर्विस रोड पर पूज्य 105 श्रुतमति माताजी एवं पूज्य 105 उपशम मती माताजी प्रातः 6:00 बजे नित्य क्रिया हेतु जा रही थी उसी समय एक गाड़ी अल्टो द्वारा इरादतन हत्या के इरादे से घटना को अंजाम देना प्रतीत होता है। जैन समाज चाहता है कि उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी व्यक्तियों को कठोर सजा की मांगी की। आज यह रैली सकल जैन संघ की उपस्थिति में दिगंबर जैन मंदिर गंज लाइन से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। रास्ते भर जैन समाज के लोगों ने न्याय की मांग एवं साधु संतों की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के साथ सुरक्षा सम्मान की मांग हेतु तख्तियां पढ़कर नारे लगाते रहे। रैली में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झंझरी ने शासन से मांग की है कि जैन साधु विश्व कल्याण की भावना से पैदल नंगे पैर विचरण करते हैं। ऐसी अहिंसक भावना रखने वाले साधु संतों की रक्षा हेतु शासन को व्यवस्था में सुधार लाने की जरूरत है रैली में अशोक झंझरी, सूर्यकांत जैन, सुदेश जैन, अनिल बड़कुल , पंकज जैन, पूनम जैन, रविकांत जैन ,मनोज वेद, रोशन गोलछा, मूलचंद भंसाली, नमिताब जैन, अखिलेश जैन, रानू जैन पार्षद , कमलेश बेद, नवीन कोठारी, सीमा जैन, सुनीता बड़कुल, सपना जैन, सरोज जैन, कविता जैन ,रुपाली जैन ,सविता जैन ,पिंकी जैन, श्रद्धा जैन, अनीता जैन, वंदना जैन, अलका जैन ,रखी जैन, सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के सदस्यगण शामिल रहे ।

# सुशासन शिविर ने बदली जिंदगी : तामेश्वर सिंह का वर्षों पुराना घर का सपना हुआ पूरा

## प्रधानमंत्री आवास योजना बनी सहारा, मंच पर मिला नए घर का स्वीकृति पत्र और चाबी



**दुर्ग ।** सुशासन शिविर ने बदली जिंदगी : तामेश्वर सिंह का वर्षों पुराना घर का सपना हुआ पूरा, शहर के निवासी तामेश्वर सिंह के लिए आज का दिन उनकी जिंदगी का सबसे यादगार दिन बन गया। हर आम नागरिक की तरह उनका भी सपना था कि उनका अपना एक मजबूत और सुरक्षित घर हो, जहाँ वे अपने परिवार के साथ सम्मान और सुकून से जीवन बिता सकें। लेकिन आर्थिक परेशानियों के चलते यह सपना वर्षों तक अधूरा ही रहा। किराए के मकान में रहने के दौरान उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मकान मालिक की शर्तों और मकान खाली कराने के डर के बीच परिवार के साथ जीवनयापन आसान नहीं था। छोटी-छोटी बातों पर भी हमेशा चिंता बनी रहती थी कि कहीं रहने का ठिकाना न छूट जाए। आयोजित जन समस्या निवारण शिविर ने उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा डर हमेशा के लिए खत्म कर दिया। 23 मई को आयोजित सुशासन शिविर में मुख्य अतिथियों केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव,महापौर अलका बाघमार द्वारा संभागयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंच से तामेश्वर सिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए पक्के मकान की चाबी और स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। अब उनके परिवार को एक सुरक्षित और स्थायी छत मिल गई है, जहाँ उनके बच्चे सुरक्षित माहौल में पढ़ाई कर सकेंगे और पूरा परिवार सम्मान और गरिमा के साथ अपना जीवन जी सकेगा। भावुक होते हुए तामेश्वर सिंह ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनका वर्षों पुराना सपना इतनी खुशी के साथ पूरा होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री,राज्य शासन, निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक मकान नहीं, बल्कि उनके परिवार के सुरक्षित और बेहतर भविष्य की नई शुरुआत है।

# लोधी भवन एवं वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का भव्य लोकार्पण





**अम्लेश्वर।** राजधानी रायपुर में रायपुर लोधी समाज द्वारा गुढ़ियारी स्थित भारत माता चौक में नवनिर्मित लोधी भवन एवं प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की आदमकद प्रतिमा का भव्य लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर समाजजनों में विशेष उत्साह और गौरव का वातावरण देखने को मिला। प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के रायपुर आगमन पर सर्किल पदाधिकारियों द्वारा आतिशबाजी, पुष्पमालाओं, मातृशक्ति द्वारा आरती एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात रायपुर लोधी समाज रामनगर सर्किल के बहुप्रतीक्षित लोधी भवन में श्री सत्यनारायण हवन-पूजन संपन्न हुआ। लोधी भवन परिसर में स्थापित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का लोकार्पण मुख्य अतिथि घनश्याम वर्मा (प्रदेशाध्यक्ष, लोधी समाज छत्तीसगढ़) एवं क्षेत्रीय पार्षद भोलाराम साहू (एमआईसी सदस्य) के करकमलों से समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार सिंगौर (प्रदेश महामंत्री), अधीन जंघेल (प्रदेश उपाध्यक्ष), सुरेश सिंगौर (युवा प्रदेशाध्यक्ष) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेजशंकर जंघेल ने की। आमंत्रित अतिथियों में दीपक जंघेल (महामंत्री, रायपुर लोधी समाज) एवं पूजा जंघेल (महिला जिला अध्यक्ष) की गरिमामयी उपस्थिति ने सामाजिक समन्वय और अखंडता का परिचय दिया। अपने उद्बोधन में प्रदेशाध्यक्ष वर्मा ने रायपुर लोधी समाज के कार्यों की सराहना करते हुए इसे रामनगर सर्किल की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सर्किल पदाधिकारियों एवं पार्षद महोदय के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला अस्पताल के नामकरण तथा नवा रायपुर में समाज हेतु भूमि आबंटन एवं आर्थिक सहयोग की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से शीघ्र पुनः मुलाकात की जाएगी।

# किरण देव बोले–कांग्रेस के झूठ को जनता जानने लगी, विकास पर सिर्फ भाजपा का फोकस



घुमका नगर पंचायत चुनाव प्रचार में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

महापौर और चुनाव संचालक ने भी कांग्रेस नेताओं को लिया आड़े हाथ

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के घुमका नगर पंचायत में चुनावी माहौल जोर पकड़ चुका है। मंगलवार को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव घुमका पहुंचे। यहां उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए, उन्होंने कहा कि अब जनता कांग्रेस के झूठ को जान चुकी है। आम लोग पूरी तरह से विकास पर फोकस है, छत्तीसगढ में हर दिशा में विकास कार्य हो रहे हैं। नगर पंचायत चुनाव में बीजेपी बेहतर स्थिति में है। सिंहदेव ने कहा कि अब राजनीतिक ट्रेंड भी बदल गया है, कांग्रेस के झूठ पर लोग समझ जाते हैं कि ये झूठ ही बोल रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो पांच साल की कांग्रेस सरकार क्यों डूबती, जनता ने इनका मोहभंग कर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम आवास, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि या अन्य सभी योजनाओं के साथ केंद और राज्य सरकार को देख रही है। यहां नगर पंचायत में जनता को विकास चाहिए, वह जानती है कि भाजपा लगातार विकास को ही एजेंडा मानकर चल रही है।

### कांग्रेस–बीजेपी दोनों ही पार्टियां लगी प्रचार में

पहली बार घुमका में नगर पंचायत चुनाव हो रहा है।भाजपा से किरण वर्मा और कांग्रेस से फुलमती वर्मा चुनावी मैदान पर अध्यक्ष पद के लिए है। इसके अलावा 13 वार्डो में पार्षद पद के प्रत्याशी भी अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। दोनों ही पार्टियों के प्रदेश स्तर के नेता यहां प्रचार-प्रसार करने पहुंच रहे हैं। एक जून का यहां वोटिंग होगी, इसके बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर महापौर ने साधा निशाना



चुनाव के संचालक और महापौर मधुसूदन यादव ने पिछले दिनों घुमका चुनावी दौरे पर आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष आए, लेकिन घुमका के लोगों को कोई आश्वासन देकर नहीं गए, बल्कि पीएम मोदी के लिए अपशब्द जरूर कह गए। इसका जवाब जनता देगी।वहीं दूसरी तरफबीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष आए तो घुमका के विकास का मैप लेकर आए, यही फर्क है दोनों में।

# अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी चुनाव, लक्ष्मण लोहिया को सर्वाधिक मत

## संरक्षक, आजीवन एवं साधारण तीन श्रेणियों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई



**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा के द्विवर्षीय कार्यकारिणी चुनाव 2026-2028 शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में सभा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यकारिणी गठन हेतु संरक्षक, आजीवन एवं साधारण तीन श्रेणियों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें प्रत्येक वर्ग से 05-05 सदस्यों का चयन किया जाना था। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आजीवन वर्ग एवं साधारण वर्ग में सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं संरक्षक श्रेणी में 05 पदों के लिए 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के कारण मतदान कराया गया। अग्रसेन भवन में निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज के मार्गदर्शन में मतदान संपन्न हुआ। कुल 28 मतदाताओं में से 27 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संरक्षक श्रेणी से लक्ष्मण लोहिया, नरेंद्र गोयल, विकास अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल चुनाव मैदान में थे। मतगणना उपरांत लक्ष्मण लोहिया ने कुल 27 मत में से सर्वाधिक 24 मत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विकास अग्रवाल को 21 मत, नरेंद्र गोयल को 20 मत प्राप्त हुए। जबकि रमेश अग्रवाल को मात्र 08 मत मिलने से वे चुनाव में पीछे रह गए। शेष प्रत्याशियों राजकुमार अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल को विजयी घोषित किया गया। आजीवन वर्ग से राजेश खोखरिया, बिसन अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल एवं दीपक अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इसी प्रकार साधारण श्रेणी से देवेंद्र अग्रवाल, पवन लोहिया, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल एवं चंकी अग्रवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

# सुशासन तिहार शिविर में त्वरित समाधान, ड्राइविंग लाइसेंस से लेकर विवाह प्रमाण पत्र तक हितग्राहियों को मिली राहत, मौके पर हुआ समस्याओं का निराकरण

प्रधानमंत्री आवास योजना बनी सहारा, हितग्राहियों को मंच से मिला स्वीकृति पत्र और आवास की चाबी, जनसमस्या निवारण शिविर में 982 आवेदन प्राप्त हुए,



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुरानी गंज मंडी में आयोजित सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 982 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 772 मांग एवं 210 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे।शिविर के दौरान कई नागरिकों को मौके पर ही राहत प्रदान की गई। त्वरित निराकरण के तहत 35 ड्राइविंग लाइसेंस, 2 श्रवण यंत्र, 4 राशन कार्ड, 3 विवाह प्रमाण पत्र एवं 1 जन्म प्रमाण पत्र का तत्काल निराकरण कर हितग्राहियों को वितरण किया गया। शिविर में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, महापौर श्रीमती अलका बाघमार, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं सभापति श्याम शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति एवं आवेदन निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के बीच पहुंचकर योजनाओं पर प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है तथा समस्या निवारण शिविरों के माध्यम से अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है तथा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। शिविर में मंत्री गजेन्द्र यादव एवं महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने विभागीय अधिकारियों से आवेदन निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। वहीं संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बीमारियों की रोकथाम के लिए निगम का अभियान जारी, वार्डों में दवा छिड़काव और मच्छर उन्मूलन कार्य तेज





**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतिदिन अलग-अलग जोनों के वार्डों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र की नालियों, कूलरों, बाथरूमों एवं अन्य जलभराव वाले स्थानों पर पहुंचकर मच्छर उन्मूलन कार्य कर रही है। अभियान के तहत मैलाथियान, टेमिफास एवं जला ऑयल का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके और बीमारियों का फैलाव रोका जा सके। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने घरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें, कूलरों की नियमित सफाई करें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। निगम की टीम लगातार वार्डों में निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर रही है, जिससे शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे और नागरिक सुरक्षित रह सकें।

# कौन बनेगा अध्यक्ष : चुनावी मैदान में भाजपा के सामने महंगाई का मुद्दा तो कांग्रेस के पास बड़ा चेहरा नहीं

## घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांटे की टक्कर, प्रचार–प्रसार हुआ तेज

### लोधी बाहुल्य क्षेत्र, दोनों ही प्रत्याशी इसी जातीय समीकरण से चुनावी मैदान में



**राजनांदगांव।** घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ती जा रही है। कांग्रेस-भाजपा दोनों ही जोर लगाने में पीछे नहीं है। दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशी प्रचार में जुट गए हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों के पास अपनी चुनौतियां हैं। जैसे महंगाई, पेट्रोल-डीजल के मुद्दे को कांग्रेस अपने प्रचार में उठा रही है, जो हर वर्ग को प्रभावित कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के पास कोई चेहरा नजर नहीं आ रहा है, जो वोटरों के बीच जाकर समर्थन मांग सके। प्रचार तो किया जा रहा है। उसे असरकारक करने की जरूरत है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने लोधी समाज के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी तय किया है। इसमें बीजेपी से किरण वर्मा और कांग्रेस से फुलमती वर्मा चुनावी मैदान पर है। घुमका क्षेत्र लोधी बाहुल्य है। इस कारण जातिगत समीकरणों को भी ध्यान रखा गया। अब देखना होगा कि चुनाव में कौन हाथ मार पाता है। अध्यक्ष के अलावा 13 वार्डों में पार्षद भी चुनावी मैदान में है। घुमका नगर पंचायत का चुनाव पहली बार हो रहा है। इसलिए आम वोटर्स का रूख किस ओर जाएगा, यह कहना राजनीतिक जानकारी मुश्किल मान रहे हैं। क्योंकि अभी इसी चुनाव में स्थानीय मुद्दों के अलावा, प्रदेश और महंगाई जैसे मामलों को भी प्रत्याशी उठा रहे हैं।

### दोनों प्रत्याशियों का पहले भी हो चुका है आमना–सामना

घुमका नगर पंचायत का चुनाव पहली बार हो रहा है। अध्यक्ष पद महिला आरक्षित है। वहीं किरण वर्मा और फुलमती वर्मा दोनों पूर्व में भी सरपंच पद के लिए एक-दूसरे के सामने चुनाव लड़ चुकी है। अभी दोबारा यह प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। पूर्व में जब सरपंच पद के लिए दोनों के बीच भिड़ंत हुई थी तब कांग्रेस प्रत्याशी ने ही बाजी मारी थी। लेकिन इस बार मुकाबला टक्कर का हे। जीत-हार का आंकलन आसान नहीं है।

### 3200 वोटर्स करेंगे भाग्य का फैसला

घुमका नगर पंचायत की वोटिंग 1 जून को होनी है। चुनाव में 3209 वोटर अपने मतों का प्रयोग करेंगे। इनमें महिला मतदाता 1630 और पुरुष 1579 है। ज्यादातर स्थानीय मुद्दों पर बात कर रहे हैं। वहीं अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के अलावा पार्षद प्रत्याशी भी तेज धूप में प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। वहीं मुद्दों ही राजनीति ही इस चुनाव में असर करेगी, ऐसा प्रतीत हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। डाक पंजीयन क्रमांक- सीजी/दुर्ग/लोकतंत्र प्रहरी/2026-28, Email : loktantraprahrinews@gmail.com